सूर्योदय प्रातः 5:10 | सूर्यास्त संध्या 6:20 | पखवाड़ा वैशाख शु. प्रतिपदा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 21°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, गुरुवार, 09 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 85, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,466.39 | -45.46 (-0.06%) |
| निफ्टी | 22,302.50 | 0.00 (0.00%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 66,250.00 |
| चांदी | 850.00 |

## एक झलक

### आरिफ मोहम्मद खान ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या :** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। राज्यपाल खान के दौरे के मद्देनजर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। राज्यपाल खान के एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद राज्यपाल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय से मुलाकात की। चम्पत राय ने उनको श्रीरामचरित मानस भेंट किया।

### मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू

**कुलगाम :** करीब 24 घंटे की शांति के बाद बुधवार शाम को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू हो गयी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेडवानी इलाके में मलबा साफ करने के दौरान एक छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षाबलों पर फिर से गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी बाद में साझा की जायेगी। इससे पहले मंगलवार को इसी मुठभेड़ में 10 लाख के इनामी कमांडर बासित डार समेत टीआरएफ के दो आतंकवादी मारे गये थे।

### गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**नूंह :** नगर के एक गेस्ट हाउस में चलाये जा रहे देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से छह युवतियां, चार युवक और गेस्ट हाउस के दो संचालकों को किया है। सेक्टर-56 पुलिस ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पकड़ी गयीं युवतियों ने चार विदेशी हैं। पुलिस को सेक्टर-57 के जी ब्लाक में स्थित एक गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस ने एक फर्जी ग्राहक तैयार कर गेस्ट हाउस में भेजा।

### भारत-नेपाल सीमा से तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी के खोरीबाड़ी के पानीटंकी स्थित भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने बीती रात दो अमेरिकी महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बुधवार को गिरफ्तार तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है।

## अंदर के पन्नों पर


3 लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केन्द्रों की...
5 'चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां' पर हुआ...
7 लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने सेक्टर...
9 नौकरी चाहिए, तो 'इंडिया गठबंधन' को वोट दें...
10 पंजाब किंग्स-आरसीबी के बीच मुकाबला आज...


## सैम पित्रोदा के बयान पर भड़के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कहा...

# चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं करेगा। तेलंगाना के वारंगल में दूसरी जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं भारतीयों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करूंगा।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मुझे पता चला कि अमेरिका में एक अंकल हैं, जो 'शहजादे' के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं और क्रिकेट में तीसरे अम्पायर की तरह यह 'शहजादा' भी उनसे सलाह लेता है। इस दार्शनिक अंकल ने कहा कि जिनकी चमड़ी काली है, वे अफ्रीका से हैं। इसका मतलब है कि आप देश में अनेक लोगों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर गाली दे रहे हैं।'

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विरोध को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे के अमेरिका में रहनेवाले गाइड और फिलॉस्फर ने आज बड़ा रहस्य खोला है। उसने कहा है कि जिनकी चमड़ी का रंग काला होता है, ये सब अफ्रीका के हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चमड़ी के रंग का हवाला देकर उनका अपमान क्यों करती रहती है। उन्होंने मान लिया कि द्रौपदी मुर्मू भी अफ्रीकन हैं और इसलिए उन्हें हराना चाहिए।' मोदी ने कहा, 'मैं आज एक गम्भीर सवाल पूछना चाहता हूं। मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है, अगर कोई मुझे गाली देता है, तो मैं सह सकता हूं, लेकिन शहजादे के इस दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है, जिसने मुझे गुस्से से भर दिया है। उन्होंने सवाल ● शेष पृष्ठ 11 पर



**पीएम ने कहा**

- मैं भारतीयों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करूंगा
- पित्रोदा की टिप्पणी राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचानेवाली
- अमेरिका में एक अंकल हैं, जो 'शहजादे' के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं

### कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में एक जनसभा को सम्बोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल देश ने सफलतापूर्वक तीसरे चरण का चुनाव पूरा किया। इस महत्त्वपूर्ण चरण में, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा, क्योंकि तीसरा फ्यूज उड़ गया। अभी चार चरण के चुनाव बाकी हैं, लोगों के भारी समर्थन से उत्साहित होकर भाजपा और एनडीए बहुमत हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन की पहचान है। एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बावजूद वे एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। याद कीजिए, जब बीआरएस ने कांग्रेस पर 'वोट के लिए नकद' का ● शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम 12 को पटना में करेंगे रोड शो

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। इस रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देश की आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री का पटना में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना के लोग भी बेहद उत्साहित हैं। प्रदेश भाजपा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पित्रोदा का बयान विपक्षी गठबंधन को अस्वीकार, कांग्रेस ने किया किनारा

**इंडियन** ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा की टिप्पणी 'पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं' से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। सैम पित्रौदा का यह बयान विपक्षी गठबंधन ने उनका निजी बयान बताया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा ने विरासत कर के बाद एक और विवादास्पद बयान दिया है। सैम पित्रौदा ने कहा है, 'पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं', इसके बावजूद हम एक हैं। इसके बाद बुधवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक साझा पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं।' जयराम ने यह भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और अस्वीकार करती है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि 'सैम पित्रोदा के बयान का विपक्षी गठबंधन का कोई नेता समर्थन नहीं करता है।' शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा, 'मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते और न ही यह कोई मुद्दा है और न ही यह देश पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देना चाहता है।' डीएमके नेता ● शेष पृष्ठ 11 पर

### विवादित बयान के बाद सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस प्रमुख का पद छोड़ा



**कांग्रेस** नेता सैम पित्रोदा ने बुधवार को अपने एक विवादित बयान के बाद इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।'

### पूर्वोत्तर का अपमान करने पर सैम पित्रोदा के खिलाफ दर्ज करायेंगे केस : बीरेन सिंह



**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पूर्वोत्तर के लोगों के बारे में गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने भारतीय नागरिकों को चेहरे के आधार पर बांटा है। उन्होंने सैम की टिप्पणियों को नस्लवादी और गैरजिम्मेदाराना बताते हुए निन्दा भी की और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया।

## पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 03 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाये गये। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए।

## मुख्यमंत्री ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिये आदेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।



इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजा था, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस सम्बन्ध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

**इन अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई**

रवीन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा।

जयदीप तिग्गा, झाप्रसे, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंची ईडी की टीम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) की टीम ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के ठिकाने से बरामद रुपये की जांच कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को ईडी की टीम कार्रवाई करते हुए झारखंड मंत्रालय पहुंची। ईडी के अधिकारी अपने साथ मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंचे है। वहां ईडी की टीम ग्रामीण विकास विभाग के कोषांग में दस्तावेज को खंगाल रही है। एक-एक दस्तावेज को ईडी के अधिकारी जांच कर रहे हैं। ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गयी है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी है ।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35. 23 करोड़ रुपये बरामद किये थे। मामले में ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किया था।

## कांग्रेस 'विचार शून्य' पार्टी, संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं राहुल गांधी : नड्डा

एजेंसी

**बिलासपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कांग्रेस पर तीखे प्रहार किये। उन्होंने कांग्रेस की तुष्टीकरण एवं सनातन विरोधी राजनीति पर जम कर निशाना साधा।

नड्डा ने अपने सम्बोधन में कांग्रेस को विचार शून्य पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संविधान की जानकारी



नहीं है और इस वजह से वह संविधान की कॉपी साथ लेकर चलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, सनातन विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाने वाली पार्टी है। सोनिया गांधी जब यूपीए की चेयरपर्सन थीं, तब यूपीए की सरकार ने भगवान श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाये थे और भगवान को काल्पनिक बता कर कोर्ट में हलफनामा दिया था। कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने श्रीरामजन्मभूमि के मुद्दे को अटकाने, लटकाने और भटकाने का हर सम्भव प्रयास किया था। जेपी नड्डा ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली :** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सीनियर क्रू मेंबर के सामूहिक छुट्टी पर चले जाने से अपनी 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन को मंगलवार देर रात से बुधवार सुबह तक इंटरनेशनल और घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कम्पनी ने पैसेंजर्स को पूरा रिफंड वापस देने का एलान किया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों के बीमार होने के कारण छुट्टी पर चले जाने से कुछ उड़ानों में देरी हुई हैं, जबकि कुछ रद्द कर दी गयी है।

## पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं राहुल : शाह

एजेंसी

**हरदोई :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान से निकटता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल पाकिस्तान के एजेंडे का आगे बढ़ाने का काम करते हैं। गलती से भी यदि राहुल और अखिलेश सत्ता में आ गये, तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने बुधवार को हरदोई की चुनावी रैली में कहा कि अभी-अभी पाकिस्तान ने राहुल की प्रशंसा की। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि राहुल की प्रशंसा पाकिस्तान क्यों कर रहा है? तो मैंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक होती है, राहुल विरोध करते हैं। नक्सली मरते ● शेष पृष्ठ 11 पर

### गृह मंत्री ने कांग्रेस, सपा व बसपा पर जम कर साधा निशाना



**लखीमपुरखीरी :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खीरी लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की बात कहकर नरेन्द्र मोदी को बदनाम कर रही हैं। पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर डाका डालने का काम सपा और कांग्रेस ने किया।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने की भारतीय चुनाव प्रणाली की तारीफ ; कहा

# हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा

एजेंसी

**नयी दिल्ली/भोपाल :** भारतीय चुनाव व्यवस्था का अवलोकन और अध्ययन करने के लिए 05 मई को भोपाल आये फिलीपीन्स और श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मुलाकात की। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने 5 से 7 मई तक निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया के अवलोकन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि महात्मा गांधीजी के देश में लोकतंत्र यहां के लोगों के दिलों में जिन्दा है। भारतीय चुनाव को एक पर्व की तरह मनाते हैं। हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा। लोकतंत्र की मजबूती के लिये यहां के हर मतदाता की आस्था और उसकी अभिव्यक्ति अभिभूत कर देने वाली है। हमने तीन दिनों में बहुत कुछ देखा, समझा और सीखा। इस आनन्दपूर्ण चुनाव प्रणाली से हमें प्रेरणा मिली है। हम अपने देश में भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की सभी अच्छी व्यवस्थाओं को लागू करने की अनुशंसा करेंगे।

- भारत की चुनाव व्यवस्था देखने आये फिलीपीन्स और श्रीलंका के दल ने साझा किये अपने अनुभव





श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के कमीशन मेंबर सुंथारम अरूमैनायाहम ने बताया कि मतदान के दिन हमने देखा कि निर्वाचन में नियुक्त हर व्यक्ति बखूबी अपना काम कर रहा था। कोई भी दूसरे के काम में दखल नहीं दे रहा था। मतदाता बड़े धैर्य के साथ अपनी बारी के इंतजार में खड़े थे। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की शानदार व्यवस्थाएं थीं।

श्रीलंका की कमीशन मेम्बर निमालका फर्नान्डो ने कहा कि भारत की निर्वाचन व्यवस्था अभिभूत कर देनेवाली है। हम बेहद प्रभावित हैं और श्रीलंका में भी ऐसे ही चुनाव की व्यवस्था के लिए अनुशंसा करेंगे।

फिलीपीन्स के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो ने कहा कि हमने मतदान सामग्री वितरण से लेकर मतदान पूरा होने तक की सभी प्रक्रियाओं को करीब से देखा। यह एक चकित कर देनेवाला अनुभव था। ईवीएम में हर अभ्यर्थी का नाम, उसका दल, उसकी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सहायक व्यय प्रेक्षकों व लेखा जांच दल के साथ बैठक



रांची : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित व्यय प्रेक्षक श्री विरेन्द्र कुमार सिंह ने आज दिनांक 08 मई 2024 को सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जाँच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री विरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट/अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

### प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए आज से श्री सहज पाठ साहिब की होगी शुरुआत

रांची : सिख पंथ के तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए कल 9 मई, गुरुवार से श्री सहज पाठ साहिब की शुरूआत होगी। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि इस पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष में हर साल तीन श्री सहज पाठ साहिब रखे जाते हैं, जो कि साध संगत द्वारा बारी बारी से पढ़े जाते हैं। सभी श्रद्धालु एक एक घंटा पाठ पढ़कर इसे सम्पूर्ण करते हैं। इन तीन पाठों की शुरुआत कल 9 मई को श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के दिन सुबह छह बजे से होगी एवं इन पाठों का समापन 22 मई को श्री गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व के दिन सजाए जाने वाले विशेष दीवान में होगा।

### रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की मनमानी नहीं चलने देंगे : अभिषेक शुक्ला



रांची : बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें पीजी वाणिज्य विभाग की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की मोरहाबादी इस्थित पीजी वाणिज्य विभाग की इस्थिति दयनीय है यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है, बरसात के मौसम मे इस भवन की स्थिति और भयावह हो जाती है, गुठने तक पानी में छात्र छात्र-छात्राएं और टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ इस बिल्डिंग में बैठकर काम करने का मजबूर होते हैं पिछले 2 सालों में लगभग कई लाख के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन एवम विश्वविद्यालय के कुलपति का इसपर कोई ध्यान नहीं है, वह सिर्फ अपनी मनमानी मे व्यस्त है।

### अक्षय तृतीया कल, सौभाग्य व सुख-समृद्धि का त्योहार

रांची : राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जा रहा है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत ही शुभकारी है, अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य किया जा सकता है इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है? ।अक्षय तृतीया हिंदुओं के लिए महान धार्मिक महत्व का दिन है जो नई शुरूआत और सोने- चांदी, नए घर जमीन, वाहन, चांदी के सिक्के और मिट्टी के बर्तन जैसी शुभ वस्तुओं की खरीद का प्रतीक है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केन्द्रों की 4डी कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग

# जीपीएस ट्रैकिंग के जरिये ईवीएम का आवागमन करनेवाले वाहनों पर रहेगी नजर

- मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान कर ससमय करें मतदान कार्य से मुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केन्द्रों पर 4ऊ कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जायेगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मानिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केन्द्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मानिटरिंग की जायेगी। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहीं। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉनफ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन सम्बन्धित चल रहीं तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही, इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर ईवीएम पहुंचानेवाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं : के. रवि कुमार

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। उसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से 1 और गोड्डा से 2 लोगों ने नामांकन किया था। जबकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

## 28 मई को राष्ट्रपति करेंगी प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज को पद्मश्री आवार्ड से सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 28 मई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। पुज्य गुरुदेव को पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। मानव जीवन का ये सार–तुम सेवा से पाओगे पार को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए पुज्य गुरुदेव ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दीन–दुखियों की सेवा में लगा रखा है। वे सुबह 4 बजे से रात को 1 बजे तक सेवाकार्य में लगे रहते हैं। एक दिन में महज 3 से 4 घंटे तक विश्राम करके पुनः पूरी एनर्जी के साथ वे सेवाकार्य में लग जाते हैं।

**जुई में हुआ जन्म**

**परमहंस** स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से थे। उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आकार लिया। वह कम उम्र में ही बहुत गतिशील हो गए और उनमें अपार क्षमताएं प्रदर्शित हुई।

**शिक्षक से सेना और सेना से वैराग्य**

**बचपन** में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालांकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहाँ वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें 'वैराग्य' की भावना विकसित हुई। भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा।

# शानदार रहा एसबीयू का प्लेसमेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : इस वर्ष भी सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 228 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 10.92 लाख रुपए प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रुपए रहा है। इस बार संस्थान में 122 से भी ज्यादा कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया, जो कि एक रिकॉर्ड है। इस बार टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, गोदरेज एंड बॉयस, मैप माई इंडिया, एक्सिस बैंक, श्याम स्टील, टीमकैन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, एम स्क्वेयर मीडिया,जेनपैक्ट इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। इस अवसर पर विवि के माननीय कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है। संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है।

# हटिया रेलवे स्टेशन पर 32 किलोग्राम गांजा बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी और कर्मचारी, फ्लाइंग टीम रांची और जीआरपी हटिया के साथ प्लेटफॉर्म 03 पर हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग में लगे हुए थे। चेकिंग के दौरान देखा कि छह व्यक्ति 04 ट्रॉली बैग और 01 बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उन्हें हटिया स्टेशन पर हिरासत में लिया गया। पूछने पर उन्होंने अपना नाम और पता (i) दुलार चंद्र राम, उम्र- 40 वर्ष, निवासी- जीना, थाना- नासरीगंज, जिला- रोहतास, बिहार (ii) बब्लू कुमार यादव , उम्र- 23 वर्ष, निवासी- हथमारा, थाना- मांडू, जिला-रामगढ़ (iii) निखिल कुमार यादव, उम्र- 19 वर्ष, निवासी- हथमारा , थाना- मांडू, जिला-रामगढ़ (iv) हेमंत मित्रा, उम्र- 18 वर्ष निवासी-बराइच नगर, थाना- मांडू, जिला-रामगढ़ (v) बिनीत कुमार, उम्र-21, निवासी-सांडी, थाना-मांडू, जिला-रामगढ़ (vi) इकवाल खान, उम्र- 53 वर्ष, निवासी- प्रयाग विहार, हरि नगर मायापुरी, थाना- राजौरी गार्डन, जिला- पश्चिमी दिल्ली बताया और यह खुलासा किया कि भूरे प्लास्टिक में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) था उनके बैग में' तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ/रांची को दी गयी. सूचना मिलने पर मौके पर उपस्थित हुए और आदेश के अनुसार उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद मौके पर उनके बैग की जांच की गई। जिसके दौरान मिले 32 पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इसके अलावा, मारिजुआना के 32 पैकेटों का वजन 32.00 किग्रा, अनुमानित मूल्य 16,00,000 (सोलह लाख रुपये) पाया गया जिसके बारे मे वो लोग कोई कानूनी अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहे। चूंकि अवैध गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाना और लाभ के लिए अवैध रूप से इसकी बिक्री/तस्करी करना एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक संज्ञान अपराध है तो बरामद सामग्री को जब्त कर लिया गया।

## अंतर जिला महिला अंडर-15 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी हेहल की प्रियांशी कुमारी का हरफनमौला प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बोकारो में आयोजित जिला महिला अंडर-15 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की छात्रा प्रियांशी कुमारी(कक्षा-) ने रामगढ़ जिला के खिलाफ क्रिकेट टी-20 टूर्नामेंट में हरफनमौला प्रदर्शन किया है। इस श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उसे झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से 5000/-नकद प्रोत्साहन राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस श्रेष्ठ उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा ने प्रियांशी कुमारी को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि अब खेल मनोरंजन का ही नहीं बल्कि जीविकोपार्जन का साधन भी है। इसलिए हर विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मण्डल, एस एम अजीम,प्रोलोय कर्माकर एवं अमर नाथ तिवारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : बुधवार को रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी हेतु कांग्रेस भवन, रांची में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। इस बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है । यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है, देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है।इसीलिए सभी नेताओं को गाँव-गाँव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय एवं पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है ।

## योग तपस्या भट्ठी सह स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : बुधवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय बाड़ू पिठौरिया रांची में योग तपस्या भट्ठी सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय योग तपस्या भट्ठी कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न से आए सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया। इस दौरान राजयोगिनी बी के राजमती बहन ने योग तपस्या भट्ठी में शामिल होने वाले भाई बहनों को तिलक लगाकर संकल्प कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति एव प्रकृति, प्राणी, पंच तत्व व समस्त जन समुदाय में सुख शांति के प्रकंपन फैलाना है।साथ ही सतयुगी दैवी स्वराज्य का आह्वान करना है। जिससे आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो जिसमें सब सुखी और निरोगी रहे। किसी को कोई दुःख न हो का सपना साकार रूप ले ले। इस अवसर पर एक दिवसीय योग भट्ठी कार्यक्रम में सभी भाई बहनों ने अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध करने, टेंशन मुक्त जीवन जीने, विक्रम से मुक्ति आदि कई सकारात्मक चीजों को जीवन में लाने का संकल्प भी लिया।

# आदिवासी सामाजिक धार्मिक संगठनों की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : बुधवार को करम टोली धुमकुड़िया भवन में विभिन्न आदिवासी संगठनों/ सरना समितियों, आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक धूमकुड़िया भवन, करमटोली, रांची में हुई। यह बैठक पूर्णतः आदिवासियों के मुद्दों को लेकर आहूत की गई थी। इसमें मुख्य रुप से राजनीतिक पार्टियों के राजनीतिक कार्यक्रमों में विभिन्न आदिवासी/ सरना समिति/ संगठनों और इसके अगुआ जनों द्वारा धार्मिक - सामाजिक सरना झंडे और इसके प्रतीकों का दुरुपयोग किये जाने पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। इस बैठक में उपस्थित आदिवासी संगठन/सरना समितियां, आदिवासी सामाजिक चिंतकों सामाजिक कार्यकताओं ने एक स्वर से जोर देकर कहा कि हाल के दिनों में प्रकृति पूजक आदिवासियों के सरना झंडे का दुरुपयोग बढ़ा है। इस पर कड़ा विरोध जताया। सबों ने कहा कि आज आदिवासियों के धार्मिक- सामाजिक सरना झंडे का महत्व को कुछेक आदिवासियों और सरना समुदाय के तथाकथित स्वयंभू लोगों द्वारा सरना झंडे को गिरवी रख दिया जा रहा है। यह आदिवासी समुदाय और सरना धर्मावलंबी लोगों का घोर अपमान है तथा यह सरना आदिवासियों की प्रतीकों पर कुठाराघात है। इससे सरना झंडे का महत्व और प्रासांगिकता पर सवालिया निशान है। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आदिवासी समुदाय से अपील करते हुए कहा कि कि आदिवासी समुदाय को इस झंडे का दुरुपयोग के खिलाफ आगे आना होगा। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगे से इस झंडे का उपयोग किसी भी राजनीतिक पार्टियों के कार्यक्रमों और अवांछित जगहों पर इस झंडे का उपयोग किया गया तो आदिवासी समुदाय ऐसे लोगों के विरोध में खड़ा होगा तथा ऐसे कुकृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी मुकदमा दर्ज कराएगा।

## पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



रांची : बुधवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोलिंग पार्टियों का सेकेंड एवं माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में निवार्ची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 66-माण्डर प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और माण्डर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों ढ1, ढ2 एवं ढ3) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया।

## चिरंजीव कॉन्सेप्ट स्कूल होचर रांची में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से मनायी रविंद्र नाथ टैगोर की जयन्ती





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : प्रख्यात साहित्यकार एवं नोबेल पुरस्कार विजेता श्री रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर चिरंजीव कॉन्सेप्ट स्कूल होचर रांची के विद्यार्थियों ने रविंद्र नाथ टैगोर के द्वारा रचित प्रसिद्ध गीत 'एकला चलो रे'का गायन कर कर्तव्य पथ पर अकेले चलने की प्रेरणा ली। कक्षा 11वीं की छात्रा रेचल बॉबी एंटनी ने 'एकला चलो रे 'की धुन को वायलिन पर बजाकर सबका मन मोह लिया। इसके साथ ही साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की कविताओं का पाठ कर उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली। उनके जीवन से जुड़ी अनमोल घटनाओं को याद करते हुए विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी प्रस्तुत की। 'शुकनो पातर नूपुर पाए' रबीन्द्रसंगीत पर छात्राओं ने अत्यंत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर माया कुमार एवं प्रिंसिपल श्वेता त्रिपाठी ने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को दिया सम्मान : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सांसद सेठ ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च देश के यशस्वत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बेटियों को आगे बढ़ाया देश की बेटियों के लिए अपने द्वारा खोले और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए 30% आरक्षण दिया कांग्रेस 70 साल से महिलाओं के आरक्षण को दबा के रखी थी देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी ने कई काम किया देश की बेटियों के के उच्च शिक्षा के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया के माध्यम से प्रतिभा को आगे बढ़ने का काम किया। झारखंड की सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने कहा था मे दिल्ली से 1 भेजता हूं तो वह 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते हैं लेकिन आज नरेंद्र मोदी केंद्र से 1 भेजते हैं तो लाभुकों के खाते में पूरा 1 पहुंचता है यह है नरेंद्र मोदी की गारंटी नरेंद्र मोदी की सरकार ने कट मनी के प्रचलन को खत्म किया। झारखंड की गठबंधन की सरकार में लोगों को बिजली, पानी, ट्रांसफार्मर, तक नहीं मिल रहे हैं। रघुवर दास की जब सरकार थी तो लोगों को 22 घंटे बिजली मिलती थी आज शहर में 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है वहीं ग्रामीणों क्षेत्र में मात्र 7 से 8 घंटे बिजली मिल रही है। ट्रांसफार्मर जल जाने पर लोगों को दो-दो महीने इंतजार करना पड़ रहा है इस भीष्म गर्मी में सारे चापाकल खराब पड़े हैं कोई सुध लेने वाला नहीं है लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के गरीब परिवारों के लिए लिए कई तरह की योजनाएं चला रहे हैं विश्वकर्म योजना हो या फिर छोटे दुकानदारों जो वेंडर के रूप में कार्यरत है उन्हें 10 हजार बिना ब्याज के रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं। यही कांग्रेस के लोग हैं जिन्होंने राम को कल्पनी कहा था जिन्होंने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया सनातनी धर्म को गाली बकने वाले लोगों को आज सबक सिखाने का समय आ गया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए हम सब को मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की आवश्यकता है आज के इस दौर आजसु के प्रदेश सचिव हरे लाल महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो ,बलराम महतो, कुलवंत सिंह बंटी ,महेश कुंडू, दिवाकर सिंह, प्रशांत पोद्दार, मनोरंजन महतो, दिलीप महतो ,विशाल चौधरी, देवजीत कुमार देवाशीष राय ,अनीता पारीत विजय मंडल ,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने की चलंत पियाऊ की शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिव्र गर्मी मे आमजनो की सेवा और सुविधा के लिए अमृत धारा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को अपर बाजार स्थित दुर्गा मंदीर से चलंत प्याऊ का उद्घाटन किया गया। चलंत प्याऊ नगर मे ब्रहमंड कर आमजनो को शितल जल, आामपानी, सत्तु पानी, ग्लूकोज तथा शरबत निशुल्क प्रदान करेगा। चलंत प्याऊ का उद्घाटन मंच के राष्ट्रीय अमृत धारा प्रभारी वरुण जालान एवं मुख्य सहयोगकरता राधेश्याम अग्रवाल द्वारा फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के अमृत धारा प्रभारी सौरव सरावगी एवं हर्ष जालान है। कार्यक्रम मे अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी के साथ प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पड़िया, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष सौरव बजाज, भारतीय युवक संघ के संजय चौधरी एवं मंच के कई पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

## एक झलक

### सुरक्षा के मद्देनजर मतदान केन्द्र 05 कोजिया और 77 निरी को किया गया स्थानतरित

**केरेडारी** : प्रखंड के दो मतदान केन्द्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थानतरित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के आलोक में मतदान केन्द्र संख्या 05 प्राथमिक विद्यालय कोजिया को प्राथमिक विद्यालय लाजिदाग और 77 3 मध्य विद्यालय निरी को स्थानतरित कर प्राथमिक विद्यालय सिरोइया कर दिया गया है। इसके लिए विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी राजनीतिक दलों को भी अवगत करा दिया गया है। इस हेतु अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया, संबंधित क्षेत्र के मुखिया आदि के साथ बैठक कर इस आशय की जानकारी दी गई।

### सेवा सहयोग समिति के सौजन्य से बनाये गये दर्जनों खराब पड़े चापानल

**कटकमसांडी** : गर्मी के दस्तक देते ही महीनों से दम तोड़ चुके चापानलों को ग्रामीणों की मांग पर सेवा सहयोग समिति की ओर से ढौठवा पंचायत में करीब एक दर्जन चापानलों की मरम्मति की गई। साथ ही, नल जल योजना के तहत खराब हो चुके नवनिर्मित जलमीनारों के बाबत भी दिए गए कई आवेदनों पर सेवा सहयोग समिति गंभीर है। गर्मी में पेयजल के किल्लत को देखते हुए अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, उपाध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता, आफिस इंचार्ज नितीश कुमार व अन्य सदस्यों द्वारा सकारात्मक पहल की घोर प्रशंसा की जा रही है। उपाध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता ने बताया कि यह संस्था जरूरतमंदों को नि:शुल्क सेवा व सहयोग करने को तत्पर है। कहा कि सरकार के किसी भी जनकल्याणकारी लाभ व जानकारी लेने के लिए सेवा सहयोग समिति से सम्पर्क कर लाभ लिया जा सकता है। उन्होने आगे कहा कि बिचौलियों से सावधान रहें और समिति से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं को रख सकते हैं।

### सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद राजा ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**कटकमसांडी** : कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा ने भाजपा के प्राथमिक सदस्य व भाजपा से त्याग पत्र दिया है। इसकी लिखित जानकारी उन्होने भाजपा जिलाध्यक्ष को दिया, जिसकी प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री को प्रेषित किया है। पत्र में उन्होने बताया कि वर्ष 1991 से लेकर अबतक भाजपा का एक समर्पित सिपाही के रूप मे सेवा करता रहा। पंचायत अध्यक्ष पद से भाजयुमो अध्यक्ष, प्रखंड महामंत्री और सांसद प्रतिनिधि तक का सफर किया। मगर गत पांच वर्षो से स्थानीय विधायक व वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल द्वारा लगातार मानसिक व राजनीतिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा, जिसकी जानकारी मेरे द्वारा तत्कालीन जिला अध्यक्ष के संज्ञान में लगातार दिया जाता रहा। विवश होकर मैं भाजपा के प्राथमिक सदस्य व अपने पद से त्याग पत्र दिया। बता दें कि इस चुनावी परिवेश में राजेंद्र प्रसाद राजा द्वारा भाजपा से त्याग पत्र देने को लेकर इंडिया गठबंधन गुट में हर्ष का माहौल है।

### तैलिक वैश्य साहू समाज की बैठक सम्पन्न

**चौपारण** : प्रखण्ड के साहू भवन चौपारण में अनुमंडलीय उपाध्यक्ष सह कांग्रेस के सक्रिय युवा नेता महेंद्र साहू व बीरबल साहू के अगुवाई में तैलिक वैश्य साहू समाज की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्यअतिथि बड़कागांव की विधायक अम्बा प्रसाद उपस्तिथ हुई। जहां पर साहू समाज के उपस्तिथ लोगों के द्वारा विधायक अम्बा प्रसाद का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक का संचालन कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि चाहे गरीबों को आवास, बिजली बिल माफ, क्षेत्र के बेरोजगारो को रोजगार या फिर कोयला खनन के कारण विस्तापितो के हक और अधिकार की बात हो, इसके लिए एक सांसद ही बेहतर तरीके से सदन में आवाज उठा सकते हैं।

# कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की। जगह-जगह कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस को वोट देने की बात कही। जय प्रकाश भाई पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नजर आये। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हजारीबाग से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा क्योंकि ये चोर और निकम्मी मोदी सरकार देश के



सिर्फ बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा पिछले वर्षों में कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को अमीरों के हाथों बेच दिया गया है। हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करनेवाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है। सिर्फ हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी। जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की। जनसंपर्क में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश सचिव पूनम यादव, सुखदेव यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद छोटू, मोहम्मद वारिस, सुनील साहू, परवेज आलम, मोहम्मद असलम, दीपक गुप्ता, मोहम्मद मनन वारसी प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, डॉक्टर निजाम, प्रयाग यादव, विनोद विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा,मीना देवी, पिंकी देवी मनोज रजक, अनिल रॉय, चरका यादव, संजय यादव, सिकंदर राणा, महादेव यादव, छटू गोप आदि साथ थे।

## हजारीबाग में नयी उम्मीद कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी मुन्ना सिंह ने लोगों को सुना



**हजारीबाग** : बुधवार को लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने विकास के सपने को साकार करने के लिए जेपी भाई पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड के खपरियांवा, नवादा तथा ढेंगुरा, पंचायत बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान, उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें संबोधित किया। जनसंपर्क के दौरान श्री सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को भी अपने अनुभवों को साझा करने का मौका दिया, जिससे स्थानीय जनता का विश्वास मजबूत हो। मुन्ना सिंह ने कहा, 'हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है। हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। इस दौरे में लोगों ने अपने आशाओं को जताया और बदलाव के संकेत दिए। मुन्ना सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होगा। यह दौरा न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि एक नयी शुरूआत का भी संकेत था, जो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस जनसंवाद यात्रा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हो रहा है।

## व्यय प्रेक्षक ने की चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों की व्यय लेखा संधारण पंजी की प्रथम जांच



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस) एवं तांगीराला मुरलीधर (आईआरएस) द्वारा किया गया। आज व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण पंजी का प्रथम जांच किया गया। जांच के क्रम में सभी अभ्यर्थीयों के द्वारा निवार्चन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय को संधारित मूल अभिश्रवों (Vouchers) एव बैंक खाता के अद्यतन विवरणी की जांच की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच कर छायाप्रेक्षण पंजी (शैडो Observation रजिस्टर) से मिलान किया।

# बनासो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निकाली गयी साक्षरता जागरूकता रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के तृत्तीय दिवस पर नावाटांड़ गांव में स्वयंसेवकों के द्वारा साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कु० चतुवेर्दी ने कहा कि साक्षरता सिर्फ किताबी शिक्षा प्राप्त करने तक सिमित नहीं होती, बल्कि साक्षरता का अर्थ लोगों में उनके अधिकारों और कर्त्तव्यओं के प्रति जागरूकता लाकर सामाजिक विकास का आधार बनाना है। उपस्थित रहने वालों में राष्ट्रीय सेवा योजना की




कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा, बनासो पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर पटेल, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कु० दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पूनम, प्रकाश कुमार, सुनीता, आजाद एवं स्वयंसेवक के तौर पर सभी सत्र के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने की मुलाकात



**हजारीबाग** : बुधवार को देर शाम झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री से विस्थापन के मुद्दे पर विशेष ध्यान देने एवं विस्थापन आयोग के गठन करने की बात कही। मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में एवं सार्वजनिक मंच से कई बार विस्थापन आयोग गठन करने पर अपनी सहमति प्रदान की है।

## चौपारण पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# शराब बनाने वाले स्प्रिट, ढक्कन व कई सामग्री बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चौपारण** : चौपारण हजारीबाग प्रखंड थाना के अंतर्गत बताते चले की चौपारण सरकारी शराब दुकान में भी कई बार प्रिंट से ज्यादा वसूली और दो नंबर शराब को लेकर चर्चा में बराबर रहती है। कई बार मारपीट एवं आगजनी की घटना भी घट चुका है, थाना प्रभारी दीपक सिंह को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम-पड़रिया गांव में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे झाड़ियों के बीच में छीपाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) सप्लाई करने हेतु रखा गया है, जिसे चारपहिया वाहन में लोडकर बिहार ले जाने की योजना है। इस सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया, पड़रिया गांव के अंतिम छोर में



सुनसान स्थान पर पहुंचकर आस-पास के क्षेत्र में तलाशी लेना प्रारंभ किए तलाशी के क्रम में सड़क से करीब बीस गज दूरी पर झाड़ियों में छीपाकर रखा पांच प्लास्टिक का गिलन बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर सभी में करीब पचास पचास लीटर करीब 250 लीटर अवैध स्प्रिट भरा हुआ पाया गया, वहीं पर एक बड़ा प्लास्टिक के बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली ढक्कन करीब 2500 पीस, रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली स्टीकर (लेबल रैपर) करीब 2500 पीस तथा झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुआ, जिसे विधिवत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया। जांच के क्रम में पता चला कि उक्त बरामद सामानों को बिहार ले जाने की तैयारी थी, जिससे नकली रॉयल स्टेग शराब बनाकर बिक्री करके अधिक मुनाफाखोरी किया जाता। इस संदर्भ में चौपारण थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया एवं उत्पाद अधिनियम 63/65 कॉपी राईट एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों का तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## थाना में ओरिया के रंजीत सोनी ने की अपने 17 वर्षीय पुत्र ऋषभ कुमार की गुमशुदगी की शिकायत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**हजारीबाग** : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम ओरिया निवासी रंजीत सोनी ने दिन बुधवार को 17 वर्षीय अपने पुत्र ऋषभ कुमार का लापता की संबंधित थाना में शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज किया। पिता रंजीत सोनी ने बताया कि 05 मई 2024 दिन रविवार की अहले सुबह पूत्र ऋषभ कुमार घर से टहलने के लिए निकला और वापस घर नहीं लौटा है। लापता होने के बाद अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। पूत्र के दोस्त, आसपड़ोस एवं रिश्तेदार को खबर किया। अभी तक चार दिन हो गया है। लेकिन कुछ सुराग एवं जानकारी अभी तक पता नहीं चल पाया है। बुधवार को मुफ्फसिल थाना में पीड़ित परिवारजन द्वारा लापता की शिकायत एवं प्राथमिकी आवेदन पत्र के माध्यम से दर्ज किया गया है। शिकायत दर्ज होने बाद ओरिया निवासी रंजीत सोनी ने अपने पुत्र ऋषभ कुमार को प्रशासन से जांच पडताल कर ढूंढने में मदद करने की गुहार लगायी।

### कतार प्रबंधन में वालंटियर की भूमिका महत्त्वपूर्ण

**केरेडारी** : प्रखंड में मतदान के दिन मतदाताओं को सुगम मतदान की सुविधा हेतू इसबार के लोकसभा चुनाव में 14 वर्ष से 17 वर्ष के लोगों को वालंटियर के रूप प्रतिनियुक्त किया गया है। अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार द्वारा प्रखंड के सभी मतदान केन्द्र से संबंधित वालंटियर के साथ बुधवार को प्रखंड सभागार में मतदान केंद्र पर उनके कार्य और दायित्व के बारे में जानकारी दी गई।

## राहुल गांधी से अम्बा प्रसाद ने की मुलाकात

# राज्य और क्षेत्र के विभिन्न गंभीर मसलों पर कराया ध्यान आकृष्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. सांसद लोकसभा राहुल गांधी का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत कर भेंट की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद को आगामी लोकसभा चुनाव पर राहुल गांधी का



मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और अंबा प्रसाद ने इस दौरान उन्हें विश्वास दिलाया कि इस लड़ाई में हम सभी सड़क से लेकर सदन तक आपके साथ मजबूती से खड़े है। अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के विस्थापन के मुद्दे पर अवगत कराते हुए विस्थापितों के साथ केंद्र सरकार मनमानी कर रही है विस्थापितों के हक अधिकार को अनदेखा किया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने राज्य और क्षेत्र के विभिन्न गंभीर मुद्दों से अवगत कराया वहीं सहारा इंडिया में देश के लाखों करोड़ों लोगों के जमा पूंजी फंसे होने पर गहरी चिंता जतायी। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची लोक सभा सीट प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

# संगठन मजबूती को लेकर नाई समाज की बैठक आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**इचाक** : नाई जाति का संगठन को मजबूत बनाने को लेकर राष्ट्रीय नाई महासभा इचाक प्रखंड कमेटी की बैठक महावीर स्थान मंगुरा मे हुई। अध्यक्षता शंभू ठाकुर एवं संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर एवं सह सचिव विक्रम कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में बच्चों के शिक्षा के प्रति विशेष जोर देने, शराब सेवन पर पाबंदी, कोष संग्रह एवं गांव स्तर पर आपसी द्वेष को मिटाते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष छेदी ठाकुर ने कहा कि हजारीबाग जिले के सभी गांव मे कमेटी बनाया जायेगा। साथ ही इचाक प्रखंड के सभी गांव मे परिवारिक सूची तैयार की जायेगी, जिसमें आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक योग्यता, व्यापार एवं उम्र का उल्लेख होगा, इसके लिए इचाक प्रखंड को पांच



जोन में बांटी गई। साथ ही अगली बैठक में जोन प्रभारी नियुक्त कर पारिवारिक सूची बनाने की जवाबदेही दी जायेगी। बैठक में प्रखंड तुलेश्वर ठाकुर, तिलक ठाकुर, रामशरण शर्मा, सचिव मनोज ठाकुर, भरत शर्मा, अशोक ठाकुर, जिला संगठन सचिव गोपाल ठाकुर, जिला सचिव श्रीकांत ठाकुर, रामदेव ठाकुर, शंभू ठाकुर, महेश ठाकुर, दिलीप शर्मा, मिथलेश शर्मा, मोहन शर्मा, परमेश्वर शर्मा, श्रीराम ठाकुर, जगन ठाकुर, खिरोधर ठाकुर, गणेश ठाकुर, संजय ठाकुर, ललन ठाकुर, के अलावा कई अन्य लोग शामिल थे।

बैठक

# प्रभावित गांवों में गरीब, असहाय, दिव्यांग व लोगों को एनटीपीसी कर रही है सहायता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : केरेडारी और चट्टी बरियातु परियोजनाओं के प्रभावित गांवों के गरीब और असहाय दिव्यांग लोगों के हित के लिए एनटीपीसी केरेडारी और एलिमको (भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम) के बीच समुदाय विकास की पहल के तहत समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ए वी अशोक कुमार, उपमहाप्रबंधक और यूनिट हेड, एलिम्को सहायक उत्पादन केंद्र, और एनटीपीसी केरेडारी के मानव संसाधन विभाग के रोहित पाल ने प्रतिनिधित्व किया। एनटीपीसी केरेडारी ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गांवों में विकलांग लोगों को प्रोस्थेटिक्स प्रदान करने का निर्णय



लिया है। इस पहल के अंतर्गत, एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु के खनन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकलांग लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार प्रोस्थेटिक अंगविकल्पों से लाभान्वित कराएगी। इस पहल के माध्यम से, दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें उनकी दैनिक जीवनशैली को सुधारने में मदद करेगा। यह समझौता एनटीपीसी केरेडारी के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में किया गया है। इस पहल से एनटीपीसी केरेडारी और एलिम्को ने साथ मिलकर गरीबों और असहाय दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यह समझौता समुदाय विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाएं खनन क्षेत्र में जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। ए वी अशोक कुमार ने कहा, हम एनटीपीसी के साथ मिलकर गरीबों और असहाय लोगों की मदद करने के लिए तत्पर हैं। हमें विशेषतः उन लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन दिव्यांग जनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। इस साझेदारी से, गरीबों और असहाय लोगों को उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामर्थ्यपूर्ण माध्यम प्राप्त होगा, जो उन्हें अधिक सकारात्मक और स्वावलंबी बनाए रखेगा। इस अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु एवं सीएसआर अधिकारी अल्का पांडा भी उपस्थित थे।

# भाकपा प्रत्याशी बेरोजगारों व विस्थापितों के लिए काफी दिन से कर रहे हैं जंग : भुवनेश्वर प्रसाद



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार, अमनारी, डंडई, ओरिया, बैहरी, सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार डोर टू डोर घूम कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। वहीं कटकमसांड के लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की अहम बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया। इस बैठक के मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हमारे पार्टी उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा, सहित कई इलाकों में विस्थापन एवं बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन किया। बड़कागांव गोंदलपुरा में आज भी 12 अप्रैल से धरना चल रहा है। जिसकी अगुवाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अनिरुद्ध कुमार ने किया। जहां पिच्छडे, आदिवासी, दलित, गरीब किसानों की जमीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अडानी को देकर पूंजी पतियों के हाथ में बेचने की कम कर रही है।

# विष्णुगढ़ में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया तूफानी दौरा, हुआ भव्य स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : लोकसभा चुनाव प्रत्याशी घोषित होने के बाद सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने अभियान को तेज कर दी है। चुनाव शेष ग्यारह दिन ही बच गए हैं। एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बिना रुके बिना थके विष्णुगढ़ क्षेत्र में अपने धुआंधार जनसंपर्क अभियान शुरू कर दी है इस दौरान जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।बुधवार को विष्णुगढ दौरे में प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आठमाइल चौक में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से गाजे-बाजे के साथ जनसैलाब में उमड़कर फूल मालाओं से विराट स्वागत किया गया। विष्णुगढ प्रखण्ड के सघन दौरे एवं जनसंपर्क अभियान के तहत भेलवारा,गोविंदपुर, कुसुम्भा एवं विष्णुगढ़



में जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभा किया गया। इसके पश्चात विष्णुगढ सातमाइल चौक से बनासो भव्य रोड शो किया गया। नुक्कड़ सभाओं के दौरान सम्बोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब और गरीबी का अपमान कर देश में 6 दशकों तक राज किया और देश की जनता को सिर्फ धोखा देते हुए निराश किया लेकिन पहली बार पिछले करीब 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब की सेवा का जो संकल्प लिया उसे मोदी की गारंटी के रूप में निभाया। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि अगले 5 साल तक मुक्त राशन, हर घर तक नल से शुद्ध जल पंहुचाने, पीएम सूरज घर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गरीब की थाली को सुरक्षित रखने और हर गरीब के सिर पर पक्की छत की गारंटी भी मोदी की गारंटी में शामिल है जिससे विपक्षी बौखला गया है। विपक्ष के पास ना नीति है ना, नियत है, ना ही नेता और ना ही कोई मुद्दा है। इसी बौखलाहट में मेरे ऊपर निजी हमले किये जा रहे है। इसका आप सब मतदाताओं 20 मई 2024 को कमल के निशान पर वोट देकर जवाब देना है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील मंडल, रंजीत गुप्ता, सुशील महतो, डुमरचन्द महतो, सुनील कुमार वर्मा, कुँवर हांसदा, लिलो महतो, अशोक गुप्ता, छोटीलाल शर्मा, रूपेंद्र महतो, टेकलाल यादव, सोनू कुमार, सतीश राम, संतोष कुमार महतो, राजेश सोनी, गौतम भारती,अंजू देवी, रीना बर्मन, सीमा देवी, गायत्री देवी, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ.अब्दुल जब्बार, कन्हाई यादव, रवि पांडेय, दीपक रजक, विनोद गुप्ता, नीतीश बर्णवाल, संदीप कसेरा, राजू यादव, संतोष पासवान, तुलसी महतो, बंटी श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, सुखदेव मंडल, अशोक मंडल, सुरेश राम, चंद्रमोहन दास, मन्नू पाण्डेय, राजकुमार सिंह, रवि महतो, संतोष महतो, हरीश पटेल, सुधीर कुमार, रोहित कुमार, झल्लू पंडित, सुनील मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा, विजय, रंजीत पासवान, विवेक गुप्ता, दीपू भाई, विनोद सिंह, लखन, राजा बाबू, भीम समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतों में पूर्व विधायक ने बैठक व जनसम्पर्क कर भाजपा के लिए मांगा वोट



**चौपारण** : बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान,चोरदाहा दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें, विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते है ओ जरूर करते है यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बने और भाजपा को वोट करें। इस दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह.. सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक झलक

### झरिया में भगवान परशुराम की जयंती 10 मई को

**झरिया (धनबाद):** भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव समारोह का आयोजन अक्षय तृतीया के दिन 10 मई यानी शुक्रवार को झरिया के पोद्दार पाड़ा स्थित मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। इस संबंध में मारवाड़ी ब्राह्मण भवन के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व सह-सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि झारखण्ड में प्रथम भगवान परशुराम जी की मूर्ति 13.05.2013 (अक्षय तृतीया) को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन पोद्दार पाड़ा झरिया में स्थापित की गई थी। इस वर्ष 10 मई दिन शुक्रवार को प्रातः 9 बजे पूजा, अर्चना, हवन, प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

### बीआईटी सिन्दरी में हुआ उद्यमिता विषय पर पुस्तक का विमोचन

**सिन्दरी (धनबाद):** बीआईटी सिंदरी में झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालाजी के सहयोग से छात्रों के लिए उद्यमिता पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस सिलसिले में बुधवार को बीआईटी के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल में उद्यमिता विषय पर पुस्तक विमोचन सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे उद्यमिता एडजंक्ट फैकल्टी के रमेश यादव, सीरीयल एंटरप्रेन्योर प्रोफेसर राज जसवा और एचओडी प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग बीआईटी सिंदरी प्रोफेसर प्रकाश कुमार द्वारा लिखित पुस्तक एंटरप्रेन्योरशिप का विमोचन किया गया। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी के कुलपति डाक्टर डीके सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पुस्तक में व्यावहारिक निदेशों के आलोक में तैयार पाठ्यक्रम सामग्री हमारे सभी छात्रों के लिए उपयोगी होगी। निदेशक बीआईटी सिंदरी डॉ पंकज राय ने कहा कि यह पुस्तक उद्यमिता की रोमांचक लेकिन चुनौतीपूर्ण दुनिया में नेविगेट करने के लिए डिजाइन की गई है। पुस्तक के लेखक रमेश यादव, ने बताया कि पुस्तक में नए उत्पाद परिचय, बौद्धिक संपदा अधिकार, स्टार्टअप धन उगाहने, बीएमसी, व्यवसाय ईकाई गठन और संचालन, बिक्री और बियणन रणनीति विषय को शामिल किया गया है। प्रो. प्रकाश कुमार ने कहा कि उद्यमिता का तात्पर्य सिर्फ व्यवसाय शुरू करने से नहीं, बल्कि अवसरों का पहचान करने, रचनात्मकता के साथ चुनौतियों से निपटने, समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले निर्माण से है। विमोचन समारोह के अंत में अतिथियों ने इस पुस्तक के व्यावहारिक निर्देश और अच्छे पाठ्यक्रम के लिए लेखकों को धन्यवाद दिया।

### डीएवी स्कूल परिसर में मृतक के शव को रख कर नियोजन व मुआवजा की मांग

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जेलगोरा निवासी व डीएवी स्कूल बनियांहीर में कार्यरत सफाई कर्मी (50) भुजा हाड़ी की इलाज के दौरान भेलोर अस्पताल में मृत्यु होने के बाद परिजनों ने बुधवार को मृतक के शव को स्कूल परिसर में रखकर नियोजन व मुआवजा की मांग किया। इस दौरान लोगों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर झरिया थाना की पुलिस पहुंचकर लोगों को समझा बूझकर शांत कराया और विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कराया। वार्ता में भाजपा के वरिष्ट नेता योगेन्द्र यादव, अधिवक्ता अंजन सिन्हा, हाड़ी समाज के नेता धुर्व हरी ,कार्तिक हाड़ी ने प्रधानाचार्य से मृतक भुजा हाड़ी के आश्रित को तत्काल नियोजन एवं मुआवजा देने की मांग किया। वार्ता तीन घंटे तक चली। गतिरोध के बीच प्रधानाचार्य एस मोदक ने स्कूल के प्रावधान के तहत मृतक के स्वजन को सुविधा मुहैया कराने की बात कहते हुए पुत्र पवन हाड़ी को अनुकम्पा के तौर पर स्कूल में या ठेका कार्य में नियोजन दिलाने तथा अंतिम संस्कार के लिए पंद्रह हजार रुपया देने का आश्वासन दिया। संतोषजनक वार्ता के बाद शव को स्वजनों ने उठाकर मोहलबनी दामोदर घाट पर ले जाकर दाहसंस्कार किया। इधर घटना के सम्बंध में पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसका पति भुजा हाड़ी लगभग 30 वर्षो से स्कूल में साफ सफाई का कार्य करते थे।

# 'चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां' पर हुआ प्रशिक्षण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर 'चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां' पर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान पुलिस को आम जनता में निर्भीक होकर मतदान करने का विश्वास बढ़ाना है। मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांग या गर्भवती महिला को सहायता प्रदान कर शीघ्र मतदान करवाना है। उन्होंने मतदान के दिन विधि व्यवस्था और उससे जुड़ी गाइडलाइंस की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले ईवीएम प्राप्त करके सीधे मतदान केंद्र तक तथा मतदान समाप्त होने के बाद पोल्ड ईवीएम को सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक लाना है। इस दौरान रूट चार्ट का पालन करना है। उन्होंने विभिन्न पुलिस शब्दावलियों के बारे में भी विस्तार से समझाया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मनी बाखला ने पुलिस पदाधिकारियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता मतदान केंद्र तक भयमुक्त होकर आए, यह पुलिस की जिम्मेदारी है। मतदान के दिन ईवीएम की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। मतदान केंद्र के आस पास अनावश्यक भीड़ ना लगने दे। वहीं मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण ने मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद पुलिस के कार्य एवं दायित्व के बारे में तथा श्री संजय कुमार ने डिस्पैच और कलेक्शन सेंटर की जानकारी दी। मौके पर डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता, एसडीपीओ निरसा रजत मनी बाखला, सभी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, दयामय गोराई, कुमार वंदन, श्री कौशिक मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव

## मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु द्वितीय दौर का रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**धनबाद :** लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से संपन्न कराने के निमित समाहरणालय, धनबाद के एनआईसी कार्यालय में सामान्य प्रेक्षक 7-धनबाद लोकसभा क्षेत्र अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, धनबाद माधवी मिश्रा की उपस्थिति में पुरुष मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु विधानसभावार द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। सामान्य प्रेक्षक 7-धनबाद लोकसभा क्षेत्र, अनूप खिंची ने जिला प्रशासन द्वारा किया गया मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु रेंडमाइजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान के कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीओ उदय रजक, डीसीएलआर संतोष, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया पोस्टल बैलट सुविधा केन्द्र का निरीक्षण

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुई।

सामान्य प्रेक्षक श्री अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित मतदान सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने सुगम चुनाव सम्पन्न कराने एवं पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में बने सुविधा केन्द्र में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू लोकसभा क्षेत्र में चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी सुविधा केन्द्र पर सुबह 9:00 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खोरठा मतदाता जागरूकता गीत लॉन्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में समर्पित कला मंच द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 हेतु निर्मित खोरठा मतदान गीत को लॉन्च किया। खोरठा मतदान गीत के प्रस्तुतकर्ता श्री हारूण रशीद ने बताया कि ,पांच बछरे आवेय परब महान, देशेक हित खातिर छोड़ा सब काम, चला चला साथी चला हो करे मतदानऱ गीत मतदाता जागरूकता के तहत, मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए गीत लॉन्च किया गया हैं। ये गीत लोगों को उनके मतदान के अधिकार के बारे में जागरूक करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बनाए गए हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह, गायक हारुण रशीद, गीतकार सतीश सिन्हा, समर्पित कला मंच के अमन सिद्दकी एवं बेलाल अहमद मौजूद रहे।

## निरसा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

**निरसा (धनबाद) :** निरसा प्रखंड के दो संवेदनशील मतदान केंद्र बूथ संख्या 38 वेदपुर एवं बूथ संख्या 222 मदनपुर में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ मतदान को लेकर बुधवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च सह मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार ने किया। मार्च में पुलिस कर्मी हाथ में मतदाता जागरूकता पोस्टर लिए हुए थे। अधिकारियों व जवानों ने महिला एवं पुरुषों से 25 मई को मतदान करने की अपील की। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना होने पर ग्रामीणों को तत्काल पुलिस को जानकारी देने की अपील की गई। मौके पर एमपीएल ओपी प्रभारी जोगिंदर कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## विधायक ने की अनुपमा सिंह के पक्ष में बैठक



**झरिया (धनबाद) :** अग्रेसन भवन झरिया में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आहूत बैठक में विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल हुई। बैठक में विधायक ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, किरण खड़ा, किया जी, महेंद्र सिंह, दीपक सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय दारूका, सुमित खेतान, राजेश अग्रवाल, निखिल खंडेलवाल, राजू दास, टीनू अग्रवाल, दीपक सिंह, सुशांत सिंह राजपूत एवं सभा में उपस्थित थे।

## कार्मेल स्कूल में एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह विद्यालय सभागार में बुधवार को एएसआईएससी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ईश्वर का स्मरण और विद्यालय के उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का डिमेलो, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला लकरा और बीआईटी सिंदरी टीम के सदस्य सैय्यद अदनान अहमद, शिवांगी कुमारी, युविका गुप्ता, आकिब आफताब के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता का संचालन मोम चक्रवर्ती और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने किया। इस प्रतियोगिता में तेरह विद्यालयों के छब्बीस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को छह राउंड में विभाजित किया गया। उपप्रधानाचार्या सिस्टर पिस्का डिमेलो ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान टीम लीडर सैय्यद अदनान अहमद ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही विद्यार्थी के लिए अहम होता है।

# थैलेसीमिया रोग को लेकर जागरूकता की जरूरत : पूर्णिमा नीरज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एसएनएमएमसीएच में बुधवार को विश्व् थैलेसमिया दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह थी। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता और अन्य सदस्यों ने विधायक, प्राचार्य डॉ प्रोफेसर जे० रंजन प्रसाद, डॉ. संभवी सिंह, डॉ यूके ओझा, डॉ एमके दुबे, डॉ बीके पांडे, डॉ दिनेश गिनडोरिया को पौधा देकर सम्मानित किया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसके लक्षण, निदान और उपचार के विकल्पों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से यह दिवस हम मानते हैं। आशा है इस संस्था का प्रयास सफल हो तथा लोग इस बीमारी से निजात पाने में सफल हो सकें। इस दौरान वार्ड में मौजूद नर्स व अन्य कर्मचारी काफी उत्साहित दिखी। वार्ड में भर्ती थैलेसमिया बच्चो को संस्था द्वारा उनकी पसंद की मिठाईयां, नास्ता, फल, चॉकलेट उपलब्ध कराया गया। साथ ही बच्चो के चेहरे पर खुशी लाने के लिए जादूगर को बुलाया गया। बच्चो के चेहरे पर खुशी देखकर सभी सदस्य भावुक हो गये और बच्चो के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस कार्यक्रम में अंकित राजगड़िया की अहम भूमिका रही। मौके पर संस्था की सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, साधना सूद, सुधा गुप्ता, भारती दुबे, शशि शेखर गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, मनीष गुप्ता, चतुर्भुज कुमार, बंटी विश्वकर्मा, रवि शेखर , रेखा गोयल, रेशमा सिंह, सीमा गुप्ता, श्रद्धा शाह, रंजना सिंह, ललिता सिंह, गूंजन गोयल, कल्पना रंजन, बबिता सिंह, सोमा पुर्ति, गायत्री गुप्ता, आदि मौजूद थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कोषांग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित हुए इस रक्तदान शिविर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उपायुक्त ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी ने रक्तदान देकर अपना बहुमूल्य फर्ज निभाया अब मतदान देकर भी अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने 20 मई 2024 यानी मतदान दिवस के दिन सभी को घर से निकल मतदान देने की अपील की। बुधवार के शिविर के माध्यम से कुल 32 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ।

# स्वर्गीय मधुमिता भट्टाचार्य की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य की पत्नी स्वर्गीय मधुमिता भट्टाचार्य के जन्मदिन के अवसर पर गीताश्री भवन हीरापुर धनबाद में मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक द्वारा कुल मिलाकर 90 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा और सीआईएसएफ के डीआइजी विनय काजला की पत्नी सुमन काजला और कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा, डॉक्टर शंकरी ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक झरिया और विनय काजला डीआइजी सीआईएसएफ उपस्थित थे। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदान में कुल 30 महिलाओं ने रक्तदान किया ।वही 10 युवा लड़के और लड़कियों ने पहली बार रक्तदान किया और वे बहुत उत्साहित थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आए सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला ने कहा कि रक्तदान समाज के लिए महादान है, इसीलिए सीआईएसएफ के बहुत सारे जवान भी रक्तदान कर रहे है, महिलाओं को प्रेरित करने के लिए मेरी धर्मपत्नी ने भी रक्तदान किया। रक्त ऐसा तत्व है जिसे बनाया नहीं जा सकता है यह मनुष्य के शरीर में ही तैयार हो सकता है। इस तरह के कार्यक्रम के लिए में गोपाल भट्टाचार्य को भी धन्यवाद देता हूं। समिति के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य ने सभी रक्त दाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके रक्तदान से किसी की मूल्यवान जीवन बच सकता है। आज के कार्यक्रम में जो भी सहयोग किए हैं उनको भी धन्यवाद और सभी व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, यह गलत मानसिकता है की जरूरत पड़ने पर ही हम रक्त देंगे क्योंकि इमरजेंसी में एक-एक मिनट कीमती होता है। रक्तदान करें और लोगो का जीवन बचाएं।

## धूमधाम से मनी कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की 163 वीं जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की 163वीं जयंती 8 मई को धनबाद के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक 100 साल पूराना बंगाली प्रतिष्ठान लिंडसे क्लब एवं लाइब्रेरी ने एक बहुत ही शानदार, अनोखी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। धनबाद में बंगाली कार्यक्रम के इतिहास में यह पहली बार था जब एक शाम में कविगुरु द्वारा लिखित सात नृत्य नाटिका और नाटक का कोलाज प्रस्तुत किया गया। पचिस ए वैशाख को धनबाद का बंगाली समुदाय हर साल यह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मानता आया है। कार्यक्रम में धनबाद के कोने-कोने से हर उम्र के कलाकारों को एकत्रित किया गया जहां विशेष रूप से बाल कलाकारों ने अपने प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लगभग 70 कलाकारों ने भाग लिया लिंडसे क्लब के पूरे प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम की शुरूआत लिंडसे क्लब के अध्यक्ष सह सिम्फर के पूर्व निदेशक अमलेंदु सिन्हा एवं क्लब के सचिव तथा विशिष्ट लेखक दीपक कुमार सेन द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा विश्व कवि रविंद्र नाथ टैगोर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्ष एवं सचिव अपने भाषण में कविगुरु रविंद्र नाथ टैगोर की जन्म दिवस पचीस ए वैशाख के रूप में कई वर्ष से मनाने की बात कही। मौके पर प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने आयोजित कार्यक्रम का जमकर सराहना की।

## हजारीबाग में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रारम्भ

**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त चतुर्थ फेज में मतदान की तिथि 13 मई 2024 वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के खूंटी लोकसभा, सिंहभूम लोकसभा, पलामू लोकसभा एवं लोहरदगा लोकसभा के वैसे मतदाता जो विभिन्न निर्वाचन ड्यूटी में हजारीबाग जिले में पदस्थापित हैं उनका मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से आज प्रारंभ हुआ। इस हेतु प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा हजारीबाग को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया है, विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार निर्वाचन ड्यूटी पर रहने वाले मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत दिए जाने का प्रावधान है। उक्त क्रम में आज से प्रारंभ हुए मतदान में कुल 24 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# झरिया में मनायी गयी कविवर रविंद्रनाथ की जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी के आयोजन में बुधवार को हेटलीबांध झरिया में महान कवि रवींद्र नाथ टैगोर की 163 वीं जन्म जयंती मनाई गई। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मदत लेकर रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित काल्पनिक संबोधन झरिया के बच्चें उद्देश से पाठ किया गया। बच्चों ने इसे गंभीरता से लिया और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम कि शुरूआत रवींद्रनाथ टैगोर के तसबीर पर माल्यार्पण कर शुरू हुआ। स्थानीय कलाकार प्रणोति कर रवींद्र संगीत तोमर आपन हाथेर दोले, दोलाऊ आमार हृदय...गा कर माहौल संस्कृतिमय कर दिया। तथपश्चात कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेस के केंदुआ शाखा के छात्रा सुमन कुमारी और नंदिनी कुमारी ने रवींद्र संगीत ₹ तुमि जे सुरेर आगुन लगाइए दिले मोर प्राणे.....पर रवीन्द्र नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकार संजय पंडित द्वारा किया गया एक रवींद्रनाथ टैगोर के प्रमाण साइज का चित्रों आकर्षण के केंद्र बना हुआ था। इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी के संस्थापक तथा शांतिनिकेतन के पूर्व छात्र रह चुके पिनाकी राय ने कहा कि कम संसाधन में कैसे अच्छा विचार और अच्छे सांस्कृतिक रुचि से साथ जिंदगी जीना है वह हमलोगों को रवींद्र नाथ टैगोर के कविता, लेखनी के मार्गदर्शन से सीख सकते हैं।

## रविंद्र नाथ विद्या मंदिर सिन्दरी में हुआ प्रयोगशाला का उद्घाटन

**सिंदरी (धनबाद) :** कविवर रविंद्र नाथ टैगोर के 164 वीं जयंती पर रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में प्रयोगशाला का उद्घाटन बुधवार को हुआ। संस्था के अध्यक्ष गुणाराम गोस्वामी ने प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय की कमी को दूर करने के लिए पदार्थ विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान का प्रयोगशाला का निर्माण हुआ है। इसके पूर्व मनोरंजन मुखर्जी के द्वारा भगवान विश्वकर्मा और सरस्वती वंदना की गई। मौके पर संरक्षक डॉ सीजी शाहा, सचिव एसडी चट्टराज, आलोक कुमार बनर्जी, प्रवीर कुमार, मुक्ता चट्टराज, तथा विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने मिर्धा चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

चुनाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 07-धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आनंद कुमार द्वारा बुधवार 8 मई को बोकारो स्थित पश्चिम बंगाल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत मिर्धा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। इस दौरान व्यय प्रेक्षक श्री आनंद कुमार ने पिंड्राजोरा थाना में तैनात उड़न दस्ता दल (एफएसटी) में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मी को सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया बोकारो व चंदनकियारी विस क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त बुधवार को 07 - धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 36 - बोकारो एवं 37 - चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए बोकारो इस्पात सिनियर सेकंडरी स्कूल में चिह्नित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम डिस्पैच, मटेरियल डिस्पैच, पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सामान्य प्रेक्षक श्री अनूप खिंची, बोकारो उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, बोकारो के एआरओ श्री ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ श्री प्रभात दत्ता, जिला खेल पदाधिकारी श्री दिलीप कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## व्यय प्रेक्षक ने बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**धनबाद :** 07-धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति व्यय प्रेक्षक श्री आनंद कुमार द्वारा बुधवार 8 मई को बोकारो स्थित व्यय अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण कर समीक्षा किया गया।

व्यय प्रेक्षक ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैलियां, जुलूस द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध का निर्देश दिया। इस दौरान वह प्रेक्षक श्री आनंद कुमार ने व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित स्थैतिक जांच दल तथा उड़न दस्ता दल के अतिरिक्त वीडियो सर्विलांस टीम एवं वीडियो व्यूइंग टीम द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया।

## सम्पादकीय.....

# दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे

**देश** में लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण 07 मई को सम्पन्न हो गया। पहले और दूसरे चरण की भांति इस बार भी चुनाव में वोटिंग प्रतिशत का ट्रेंड नहीं बदला। 2019 के चुनाव के मुकाबले इस बार लगातार कम वोटिंग हो रही है। कहने को चार चरण अभी और शेष हैं, लेकिन कुल 283 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है। जबकि, बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 है। कहना गलत नहीं होगा कि हम मध्य अप्रैल से लेकर जून के पहले सप्ताह तक फैले इस चुनावी सफर का लगभग आधा रास्ता तय कर चुके हैं। इस बार अब तक के चुनावों का सबसे दिलचस्प पहलू मतदान प्रतिशत साबित हुआ है। प्रारम्भिक दोनों दौर में वोटिंग 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के मुकाबले कम रही। तीसरे चरण में भी यह ट्रेंड बदलता नहीं दिखा है। चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़े तो कम से कम यही बता रहे हैं। हालांकि, शुरुआती आंकड़ों में कुछ विशेष राज्यों और चुनाव क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कुछ अधिक अवश्य रहे, लेकिन राष्ट्रीय औसत को देखते हुए कहा जा सकता है कि मतदाताओं में कोई अतिरिक्त उत्साह इस बार भी नजर नहीं आया। यह स्थिति दिलचस्प इसलिए भी बन गयी है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष ; दोनों खेमे इसकी अपने अनुसार व्याख्या करते हुए इसे जीत के अपने दावे का आधार बना रहे हैं। सत्तारूढ़ एनडीए का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता को देखें, तो स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा और सहयोगी दलों के समर्थक मतदाता पहले की ही भांति वोट दे रहे हैं। वे इसमें भाजपा की चुस्त चुनावी मशीनरी की भूमिका को भी रेखांकित करते हैं। इसके विपरीत विपक्षी खेमे का कहना है कि 2014 और 2019 के चुनावों को मोदी समर्थक मतदाताओं के उत्साह ने ही विशेष बनाया था। इस बार लोगों में वैसा जोश नहीं है। वे कहते हैं कि यह स्थिति जिस तरह वोटिंग प्रतिशत में नजर आयी है, वैसी ही रिजल्ट में भी दिखेगी। इस चुनाव प्रक्रिया की जीवन्तता का एक उदाहरण यह भी है कि अब तक के दौरों में वोटरों के रेस्पॉन्स के आधार पर राजनैतिक दलों की प्रचार शैली में विशेष बदलाव दिख रहा है। पहले और दूसरे चरण के उपरान्त चुनाव प्रचार अधिक तीखा होता नजर आया। न केवल राजनैतिक दल एक-दूसरे को लेकर अधिक आक्रामक हुए, बल्कि ऐसे मुद्दों पर उनका फोकस बढ़ा, जो आम मतदाताओं को उद्वेलित करके उन्हें चुनाव बूथों तक जाने को प्रेरित करे। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में हर चुनाव ही विशेष होता है। लेकिन, इस बार के चुनाव विशेष रूप से देश-विदेश का ध्यान खींच रहे हैं, तो उसकी वजह यह भी है कि विपक्ष ने इस बार लोकतंत्र को भी चुनावी मुद्दा बना दिया है। दूसरी तरफ, सत्ता पक्ष भी पीछे नहीं रहते हुए यह आरोप लगा रहा है कि विदेशी शक्तियां इन चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश में हैं। बहरहाल, इन तमाम स्थितियों के बीच जनता क्या सोच रही है, यह तो 04 जून को परिणाम के सामने आने पर ही पता चल सकेगा।

## ● किसने क्या कहा



कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

कांग्रेस 'विचार शून्य' पार्टी, संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं राहुल गांधी

**जेपी नड्डा**
**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**



# स्वरोजगार से बदलेगा जीवन

विशेष | **डॉ. सौरभ मालवीय**

> **दीन** दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होनेवाले पलायन में कमी आयेगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए।

**बेरोजगारी** अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं। बरोजगारी के कारणः देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योंगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन- प्रतिदिन बढ़ने लगी। युवाओं को प्रशिक्षणः निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था।

इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है।

रोजगार के अवसरः भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र ह्यभाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024ह्ल में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वरोजगार की महत्ताः स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है।

# धर्मयुद्ध है यह आम चुनाव

गौरतलब | **मृत्युंजय दीक्षित**

> **इंडी** गठबंधन में शामिल सभी दल राम विरोधी, सनातन विरोधी हैं, यह प्रतिदिन साबित हो रहा है और इसी कारण बार-बार कहा जा रहा है कि रामभक्त सनातन समाज उठो-जागो और मतदान केन्द्र तक पहुंच कर अपने मतों का सही प्रयोग करके ऐसी ताकतों को ध्वस्त कर दो, जो हिन्दू सनातन समाज की परम्पराओं को नष्ट करने की ताक में बैठे हैं। अभी विगत वर्ष विधानसभा चुनाव के पहले द्रमुक नेता सनातन के उन्मूलन की बात कर रहे थे।

**तीसरे** चरण का मतदान संपन्न होने के पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर निर्मित दिव्य -नव्य रामलला मंदिर में पूजा-अर्चना की। दोनों ने प्रभु श्रीराम को साष्टांग दंडवत करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। जहां राष्ट्रपति ने अपनी अनुभूतियां सोशल मीडिया पर साझा कीं, वहीं प्रधानमंत्री रामलला के दर्शन के उपरांत जनता का आशीर्वाद लेने के लिए रोड शो पर निकले। स्वाभाविक रूप से विगत दशक में राम मंदिर आन्दोलन के राजनीतिक खेवनहार रहे मोदी का रोड शो देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम मंदिर पर उमड़ने वाला यह जन समुद्र कांग्रेस, सपा, बसपा और इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों को रास नहीं आता, यही कारण है कि वे प्रभु श्रीराम व उनके भव्य मंदिर से लेकर सनातन तक पर लगातार हमले करते रहते हैं। सनातन के प्रति कांग्रेस व इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों का खुलासा भी कांग्रेस के ही नेता व प्रवक्ता कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है, ह्लकांग्रेस कभी भगवान राम को मानने वाली नहीं हो सकती। उसने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। श्रीराम मंदिर का फैसला आने के बाद एक गोपनीय बैठक में अमेरिका में रहने वाले अपने नजदीकी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि यदि उनकी सरकार आई तो वह सुपर पावर कमीशन बनाकर शाहबानो प्रकरण की तरह राम मंदिर का फैसला बदल देंगे। आचार्य प्रमोद का कहना है कि वह कांग्रेस में 32 साल रहे हैं। भगवान श्रीराम को लेकर कांग्रेस में क्या चलता है, वह जानते हैं। मंदिर का फैसला आने के बाद राहुल गांधी ने अपने नजदीकी लोगों की बैठक बुलाई थी। इसमें राम मंदिर को लेकर अपनी योजना जाहिर की थी। आचार्य प्रमोद लोकसभा चुनाव को साधारण चुनाव नहीं बताते, अपितु वह इसे धर्मयुद्ध बता रहे हैं । कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भी साक्षात्कार में खुलासा किया है कि कांग्रेस में प्रभु श्रीराम व सनतान के प्रति कितनी नफरत भरी हुई है। राधिका खेड़ा का कहना है कि अयोध्या में राम मंदिर बन जाने के फोटो सोशल मीडिया में साझा करने के बाद से ही उन्हें कांग्रेस से सिर्फ नफरत मिली।

## आज का इतिहास

- विश्व की प्राचीनतम संधियों में से एक पुर्तगाल और इंग्लैंड के बीच 1386 में विंडसोर समझौता हुआ ।
- महाराणा प्रताप और अकबर के बीच 1576 में हल्दी घाटी का युद्ध शुरू हुआ।
- ड्यूक हेनरी द ग्यूसे की सेना ने 1588 में पेरिस पर कब्जा किया।
- विश्वविख्यात ऐतिहासिक इमारत ताजमहल का निर्माण 22 वर्ष के निरंतर परिश्रम के बाद 1653 में हुआ।
- अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने 1689 में फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की।
- जाट राजा सूरजमल ने 1753 में दिल्ली में लूटमार की।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 में युद्ध शुरू हुआ।
- वाटरलू में ब्रिटेन से हारने के बाद नेपोलियन से फ्रांस की सत्ता 1815 में छीनी गयी।
- बाम्बे (वर्तमान में मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्रामकार 1874 में शुरू हुयी।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ 1946 में पहला सत्याग्रह आन्दोलन शुरू हुआ था।
- विश्व बैंक ने 1947 में अपना पहला ऋण फ्रांस को दिया था।
- पश्चिमी जर्मनी 1955 में नेटो का हिस्सा बन गया था।
- बर्थ कंट्रोल पिल वैध करनेवाला अमेरिका 1960 में पहला देश बना।
- पहली विद्युत टंकण मशीन 1975 में बनायी गयी।
- अमरीका और सोवियत संघ के बीच 1979 में हथियार नियंत्रण समझौता हुआ।
- दक्षिणी अमेरिकी देश इक्वाडोर के 1993 में नाम्बिजा क्षेत्र में भूस्खलन से तीन सौ लोगों की मौत।
- सन 2002 में हुए कराची विस्फोट में पाकिस्तान के ही संगठन का हाथ होने के संकेत।
- गूगल ने इंटरनेट प्रोग्राम एडसेंस 2003 में पेश किया।
- यूरोपीय देश इस्तोनिया में यूरोपीय संविधान को 2006 में मंजूरी मिली।

## अंकजाल - 7542

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 18 | 26 | 30 | ■ | 11 | 23 | 13 | ■ |
| 26 | | 8 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 12 |
| 23 | 9 | | 7 | | ■ | | 7 | | 20 |
| 23 | | 8 | | 7 | | ■ | | 2 | 6 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | | 9 | | 7 | | 34 |
| 32 | | 7 | | 5 | | 7 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 3 | | ■ | | 5 | | 5 | | 22 |
| 14 | | 4 | | ■ | | 8 | | 8 | 29 |
| 16 | 6 | | 6 | ■ | 8 | | 3 | | 23 |
| 2 | 17 | 21 | 13 | ■ | 39 | 27 | 13 | 19 | ■ |

*अंकजाल 7541 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 10 | 7 | 23 | 15 | 21 | ■ | 27 | 33 | ■ |
| 30 | 5 | 4 | 9 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 15 |
| 25 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | ■ | 3 | 4 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | ■ | 2 | 5 | 7 | 8 | 22 |
| 22 | 9 | 2 | 3 | 8 | ■ | 5 | 6 | 7 | 18 |
| 25 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 8 | 5 | 32 |
| 14 | 8 | 6 | ■ | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 18 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 18 | 14 | 39 | 11 | 7 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दौलत की चाह

**संत** जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे। उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी। जुनैद ने कहा-तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है।

## सुविचार

तलवार ही सब कुछ है, उसके बिना न मनुष्य अपनी रक्षा कर सकता है और न निर्बल की।

**गुरु गोविंद सिंह**

निज भाषा उन्नति अहै, सब भाषा को मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटै न हिय को शूल।

**भारतेन्दु हरिश्चन्द्र**

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिए जहर

ललित गर्ग

**भारतीय** मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--'बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।' लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया।

## राशिफल

**मेष** सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**तुला** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देख कर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा।

**वृष** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**वृश्चिक** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**मिथुन** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**धनु** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पायेंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**कर्क** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें।

**कुंभ** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

गौरतलब | **रमेश सर्राफ धमोरा**

> **अकबर** ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था, लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतों को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन, महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया। महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाड़ियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे, जहां मेवाड़ की सेना थी।

**भारतीय** इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला। 1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### नकटा जंगल के पेड़ से झूलता मिला शव

**मनिका/लातेहार** : मनिका पुलिस ने नकटा जंगल के एक पेड़ से झूलता हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत होता है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि रांकी कला पंचायत के नकटा जंगल में एक व्यक्ति का शव पेड़ से झूल रहा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई मिश्रा मांझी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। शव की पहचान के लिए पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी इस संबंध में कोई जानकारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

### एसबीआई मेन ब्रांच में लिंक फेल रहने से ग्राहक परेशान

**हरिहरगंज/पलामू**: जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय के सामने एनएच 98 किनारे स्थित एसबीआई शाखा में बुधवार को लिंक फेल रहने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसबीआई बैंक के कई खाताधारियों ने बताया कि लिंक फेल रहने के कारण जमा और निकासी का कार्य बाधित रहा। कई खाताधारियों ने बताया कि जरुरी काम से पैसा निकासी व जमा करने, खाता खुलवाने और केवाईसी आदि कार्यों से बैंक आए थे। बैंक आने पर पता चला कि हाफ टाइम से लिंक फेल हो गया है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब लिंक सही नहीं हुआ तो ग्राहकों को वापस घर लौटना पड़ा। इस दौरान बैंक कर्मियों को भी कार्यों के निष्पादन में परेशानी हुई।

### अवैध शराब व जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट

**हरिहरगंज/पलामू** : पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के द्वारा जंगली इलाकों में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 100 किलोग्राम जावा महुआ, 20 लीटर निर्मित शराब और कई उपकरण को जप्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। जबकि कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध शराब के कारोबारी भाग निकले। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इलाके भर में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान में पथरा ओपी के एएसआई मंटू कुमार और पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांगा लोगों से समर्थन

**गुमला** : लोहरदगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सिसई प्रखण्ड में बरगांव पंचायत दक्षिणी के आम्बा बगीचा में श्री श्यामसुंदर महतो,रोहित शर्मा, पंकज साहु, मुकेश श्रीवास्तव उर्फ डेबिट के अगुई में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने ग्रामीणों संघ बैठक कर 13 मई 2024 को लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी श्री समीर उरांव को कमल फूल पर बटन दबाकर भरी मतों से विजय बनाकर प्रधान मंत्री मोदी जी के हाथ को मजबूत बनाने के लिए जनता से अपील किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण माला बाड़ा, जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती रामेश्वरी उरांव महिला मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती गुड्डी नन्दा जी एवं सिसई दक्षिणी बड़गांव मुखिया श्रीमती शोभा देवी उपस्थित हुए अबकी बार 400 पार फिर से एक बार मोदी सरकार के नारे लगाते हुए प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 10 सालों में किऐ गए कार्य की सराहना किया गया और लोकसभा सांसद श्री समीर उरांव जी को जिताने के लिए कमल छाप बटन दबाकर कमल खिलाने का संकल्प लिया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों संग की बैठक

# सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा के लिये मतदान निर्धारित है। इसी के निमित बुधवार को टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की।इस दौरान उन्होने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति



की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो,इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, तीनों एसडीओ, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नयी संस्कृति सोसायटी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर** : शहर मे नई संस्कृति सोसायटी के द्वारा विभिन्न चौक चौराहों हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया। साथ ही साथ ट्रैफिक के नियमो को पालन करने और हेल्मेट पहनने की सलाह भी इन्हीं तख्तियों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है यह वही समय है जब हम अपने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सभी लोगों का दायित्व बन जाता है। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर ही नहीं बल्कि गांव टोले मोहल्ले और अन्यत्र सभी जगह पर हम सभी लोग जाएंगे और मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का भरपूर प्रयास करेंगे।

## एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने पर होगी कार्रवाई : उत्पाद अधीक्षक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में एमआरपी से अधिक शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें लातेहार के उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने कही। साथी ही उन्होंने कहा है कि आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लातेहार जिले के सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में शराब की बिक्री यदि एमआरपी मूल्य से अधिक पर की जाती है तो आम नागरिक उत्पाद संबंधी किसी शिकायत के लिए मोबाइल नंबर 7903500768 और 8434619609 पर सूचना दे सकते हैं। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जिले में 23 लाइसेंसी शराब की खुदरा दुकानें हैं इन सभी दुकानों में प्राइस लिस्ट लगी है। आगे कहा कि उत्पाद विभाग के द्वारा क्षेत्र में अवैध व देशी शराब का निर्माण व बिक्री करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। लगातार ऐसे ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। इसके अलावा नेशनल हाइवे व अन्य सड़कों के किनारे बने ढाबा और होटलों में भी अवैध शराब बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार छापामारी जारी है। आसन्न लोकसभा चुनाव में अवैध शराब की बिक्री या चुनाव को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों पर भी विभाग की कड़ी नजर है।

## पथ सभा से पहुंचा नरेन्द्र मोदी का संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : भाजपा महुआडांड़ मंडल के द्वारा पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन नेतरहाट, चटकपुर पंचायत के ग्राम गोठगांव के दुर्गा बाड़ी परिसर समेत अन्य स्थानों में किया गया। इस सभा का अध्यक्षता भाजपा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम बड़ाईक एवं नेतरहाट में शंभू प्रसादके द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कोर कमिटी सदस्य भुवनेश्वर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से देश में तेज गति से विकास हुआ है। कहा कि चतरा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतो से विजय बनाकर एक बार मोदी सरकार बनायेंगे। मौके पर एसटी मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह, सरना समिति भूतपूर्व अध्यक्ष अजय उरांव, रामदत्त प्रसाद, बिमलेश नाथ शाह, केशवर जायसवाल जबकि नेतरहात में अजय प्रसाद, सुधीर वृजिया, बिद्धू, आंनद नाथ शाह, राम जायसवाल, राजू सिंह, मो तौहीद, संतोष कुमार, मनुवा किसान, बबलू जी, गजेन्द्र किसान, चांदनी भगत, संध्या टोप्पो, शोनी कुमारी, रबी शंकर, प्रभात रंजन, दीपक जी,अलबिनुस बृजिया , चन्दन नगेसिया, राधा खा-खा, सुनीता देवी, प्रेमा देवी,छोटसाय नगेसिया समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेड क्रॉस ने स्थापना दिवस पर रक्तदान सह जांच शिविर का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के धर्मपुर मोड़ के पास विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बुधवार को जांच सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर के बाद ब्लड बैंक में सोसाईटी के सदस्यों के द्वारा रक्तदान किया गया। जांच शिविर में लोगों की बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप आदि की जांच की गई। इसके साथ ही इस शिविर में भाग लेने आए लोगों को आसन्न लोकसभा चुनाव के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भी जागरूक किया गया और मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुशील अग्रवाल, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, अधिवक्ता संजय कुमार, विशाल शर्मा, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, उमाकांत प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, राजदेव प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, आशीष कुमार उर्फ मिनी, सुरजीत यादव, शंभू प्रसाद, सुभाष महल्लका, मनोज यादव, नीरज साहू आदि मौजूद रहे।

## 60 वर्षीय वृद्ध की कुआं में डूबने से हुई मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : घाघरा थाना क्षेत्र के बेती पतराटोली में 60 वर्षीय वृद्ध की कुआं में डूबने से मौत हो गयी है। मृतक की पहचान तिजवा उरांव के रूप में किया गया है जानकारी के अनुसार मृतक की बहू सरिता देवी ने बताया कि उसके ससुर बीते सोमवार की शाम घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित जुगनू टोली मेहमान गया था जहां से मंगलवार की शाम वापस घर लौट रहा था इस दौरान शॉर्टकट रास्ता को अपनाते हुए खेत की ओर से अपना घर आ रहा था इसी दौरान बंदू कर्चा नामक जगह पर स्थित कुंआ जो जमीन जीएस लेवल से भी नीचे है, दूर से देखने पर उक्त स्थल पर कुआं है ऐसा



प्रतीत नहीं होता है जहां तिजवा की डूबने से मौत हो गयी। बुधवार की सुबह गांव के लोग जब मवेशी चराने के लिए उक्त स्थल पर गए तो देखा कि कुआं में एक शव तैर रहा है जिसके बाद इसकी सूचना गांव में फैली परिजन भी घटना स्थल पहुंचे और शव देख कर तिजवा के रूप में पहचानी किया। जिसके बाद घटना की सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर घाघरा पुलिस सब इंस्पेक्टर विकास कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है : अगर कुआं में जीएस लेबल से 2 फीट ऊंचा कुआं का मुंडेरा होता तो शायद तिजवा उरांव कुआं में गिरने से बच सकता था।

## सोशल मीडिया महाअभियान का हिस्सा बने प्रमंडलीय आयुक्त

**मेदिनीनगर** : लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त बृहत स्तर पर चलाई गई सोशल मीडिया महाअभियान का हिस्सा प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा भी बने। आयुक्त मुंडा ने सोशल मीडिया एकाउंट पर फोटो शेयर कर कहा कि हर मतदाता इलेक्शन का ब्रांड एम्बेसडर है इसलिए सभी मतदाता इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। आयुक्त ने सभी मतदाताओं और खाशकर नये मतदाता से चुनाव के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है इसिलए मतदान करना न भूलें। आप अपने साथ दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

## छात्राओं के भोजन की गुणवत्ता की शिकायत करने पर वार्डन ने धमकाया, कहा

# नाम बताओ, नहीं तो मेस कर दूंगी बंद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडांड़ प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन द्वारा छात्राओं को धमकी देता हुआ एक वीडियो वायरल हुआ है। छात्राओं का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत कर दी थी। वायरल वीडियो में प्रभारी वार्डन जिंदी रोश सभी छात्राओं को मैदान में खड़ा कर सजा के तौर पर हाथ उठा खड़ा होने बोली साथ ही पूछझताछ कर रही है। वायरल वीडियो में वह बोल रही है कि सोमवार के दिन पदाधिकारी आए थे तो कौन क्लास वाली खाना पीना के बारे में कंप्लेन की थी, जिसपर सभी बच्चे एक स्वर में जवाब देते हुए कहते है हमलोग सबकोई कंप्लेन किए थे। जिसके बाद वार्डन बोलती है कि मुझे



नाम सहित पता है कि किसने बोला है, हम उनमें से नही है, हम हॉस्पिटल से निकल रहे थे और मुझे डांट मिला है, आखिर क्या चीज तुमलोग को नही दिए है, कौन सिखाया सब कोइ बोले थे बोलने के लिए, मैडम बोले है कौन बोला, एक जुट वाला नही चलेगा, तुमलोग सोच रखी है न कि मैडम को जिसतरह से तुमलोग प्रताड़ित की थी हम उनमें से नही है, हम दस गुना आगे वाले है, दिमाग से भी कर्म से भी हर चीज से, कौन कंप्लेन की थी नाम बोलो और अपने आप हाथ ऊपर उठाओ, जो बोली थी, ठीक है जबतक नही बताओगी मेस बंद करो, इनलोगों का भूख जब मांगेगा तो हम बाहर का पिल्लू उठाकर डालकर इनलोग को खिलाएंगे।

## भाजपा की पथ सभा में कालीचरण को भारी मतों से विजयी बनाने का लिया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना थाना क्षेत्र के बनहरदी पंचायत के बेलवा टांड में भाजपा के द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया। इस पथ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राज कुमार पाठक उपस्थित रहे। सभा में पीएम मोदी के द्वारा दस सालों में किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो या सेना के मनोबल की बात हो सभी हाई है। इसके पीछे पीएम मोदी के द्वारा किया गया देश के लिए कड़ी मेहनत है। पथ सभा में संकल्प लिया गया इस बार फिर से चतरा में कमल खिलाना है और कालीचरण सिंह को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर दिल्ली भेजना है। सभा का संचालन देवमणि वैद ने किया। मौके पर राजीव रंजन पाण्डेय,

## बिजली के कहर ने ले ली तीन बच्चों की जान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले में वज्रपात की घटना में तीन बच्चों की मौत हुई है। मंगलवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में पहली घटना मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में हुई है, यहां आकाशीय बिजली से दो बच्चों की मौत हो गई है। वहीं दूसरी घटना पलामू के पांकी थाना क्षेत्र में हुई है। पांकी में वज्रपात से एक किशोर की मौत हो गई है। वही आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी तीन बच्चों की जान जाने के बाद इलाके में मातम छा गया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ सोनबरसा में साक्षी कुमारी नामक चार वर्षीय बच्ची मंगलवार को अपने घर के बाहर खेल रही थी।इसी क्रम में वज्रपात हो



गया। जिससे बच्ची अचेत हो गई, यह देख परिजन आनन-फानन बच्ची को उठाकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच कर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गोलापत्थर में वज्रपात से बसंत रजवार नामक 13 वर्षीय किशोर की मौत हुई है। किशोर घर के बाहर खेल रहा था।इसी क्रम में वज्रपात हो गया और घटना में बसंत रजवार की मौके पर ही मौत हो गई। बसंत रजवार गढ़वा का रहने वाला है था. वह छुट्टियों में अपनी बुआ के घर पलामू के मोहम्मदगंज आया था। वहीं तीसरी घटना पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के डेमा के इलाके में हुई है। जहां वज्रपात की घटना में एक 13 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली थी और गरज के साथ हल्की बारिश हो रही थी। इसी दौरान वज्रपात हो गया और किशोरी की मौत हो गई। मौसम विभाग ने भी मंगलवार को वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया था। मंगलवार की शाम पलामू के इलाके में मौसम ने करवट ली थी और अचानक बादलों ने आकाश में डेरा जमा लिया था। इससे कई इलाके में वज्रपात की घटना हुई है, जिसमें तीन बच्चों की मौत हुई है।

## भगवान परशुराम मंदिर पर मनेगा जन्मोत्सव : परशुराम सेना भार्गव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव धूम धाम से रेड़मा स्थित भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में मनायेगी। आप सभी को पूर्व से ज्ञात है कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा झारखण्ड के पहले परशुराम मंदिर की नीव मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित मथुराबाडी.में रखी थी जिसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है, इस मंदिर का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा जो कि नवंबर माह में प्रस्तावित है। भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि, अभी पूरे देश भर में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा कई तरह के पाबंदी लगाई है, हालांकि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा जन्म उत्सव को लेकर एक बड़े आयोजन करने की तैयारी थी लेकिन, चुनाव के मद्देनजर सरकार के सभी गाईडलाईन का पालन करते हुए इस बार राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव, मंदिर के प्रांगण में पूजन संध्याकाल मे 5 बजे प्रदोष काल के शुभ मुहूर्त में सम्पंन किया जाएगा एवं भंडारे का आयोजन भी की गई है। पूजन का कार्यक्रम धमार्चार्य रमेश पांडे एवं प्रकांड विद्धान नवीन पांडे के देख रेख में की जाएगा, साथ ही आगे श्री शुक्ला ने कहा कि इस जन्म उत्सव में सनातन धर्म के सभी अनुयाई को आमंत्रित किया जा रहा।

# चलाया गया विशेष हैश टैग अभियान, हजारों की संख्या में मतदाता हुए अभियान में शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : लोकसभा चुनाव 2024 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन आयोग सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 7 मई को जिले में भर में विशेष सोशल मीडिया हैश टैग अभियान #MainBhiElectionAmbassador का आयोजन किया गया। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत दिनांक 7 मई को संध्या 6 से लेकर 8 बजे तक यह सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से लगभग 3000 मतदाताओं ने इस अभियान में भाग लिया। पलाश-जे एस एल पी एस गुमला द्वारा बूथ ऐवेरनेस गुरुफ से संबंधित गतिविधियों को सफल बनाने हेतु गुमला जिले के सभी बूथों में हैसटैग का इस्तेमाल करते हुए सखी मंडल के सदस्यों/ कैडरों एवं कर्मियों द्वारा अपने निकटवर्ती मतदान केन्द्रों में नुक्कड़ नाटक , डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता पर्ची की जाँच, रैली आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते हुए चुनाव का पर्व, देश का गर्व जैसे स्लोगन के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यू






टीयूब इंसटागराम और पर 500 से ज्यादा पोस्ट किया गया। सखी मंडल के सदस्यों द्वारा मतदान हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल, मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया इस आयोजन में जिले भर से विभिन्न बुथो में कुल 2000 से ज्यादा दीदियो ने अपनी सहभागिता की। इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मियों, शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं तकनीकी कार्य से जुड़े कर्मियों तथा सीएससी सेंटर के भी सभी कर्मियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, एवं इस सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाया। कल 7 मई को जिले भर में एक चुनाव मई संध्या देखने को मिली, जिसमें हजारों मतदाताओं ने एक साथ चुनाव के उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी एलीना दास, डीपीएम जे एस एल पी एस शैलेंद्र जारिका, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार सहित अन्य संबंधितों की रही। सभी ने आपसी समन्वय से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया।

## एक झलक

### सर्च के दौरान सुरक्षाबलों ने 03 नक्सली बंकर किये ध्वस्त

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम ( चाईबासा ) में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में जिले के गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी डेटोनेटर को विनिष्ट कर दिया गया है। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरदाकोचा, दिरिबुरी तथा राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र से तीन नक्सल बंकर नष्ट किया गया है साथ ही अभियान के दौरान 340 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर , 10 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन वॉकी–टॉकी सेट, एक पिस्टन रॉड एसएलआर) के साथ रिकॉइल स्प्रिंग,एक गोला–बारूद पाउच (कोबरा पैटर्न), चार नक्सलियों की नोटबुक, एक पीएलजीए कपनी ट्रिल बुक, एक मार्कस लेनिन– मॉइजम बुक, 15 युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक, एक कानू चटर्जी की जीवनी, एक किंडल बुक रीडर, एक कलाई घड़ी, एक लेंस क्लीनर, तीन स्विच, एक वायर कटर, एक एफएम रेडियो, एक कैरी बैग और पॉलीथीन शीट, एक झारखंड वॉयस बुक, दो पेंसिल सेल, एक स्मॉल बैग, पांच एलईडी लाइट्स बरामद किया गया है।

### फुलवरिया गांव के लोगों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

**कोडरमा :** कोडरमा नगर पंचायत वार्ड नं एक स्थित फुलवरिया गांव के लोगों ने कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। यहां के लोगों ने गांव में एक वोट बहिष्कार का बोर्ड भी लगाया है। इसमें लिखा है बिजली, पानी और रोड नहीं तो वोट नहीं। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि हर चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े–बड़े वादे कर चले जाते हैं। यहां के मुख्य मुद्दे हैं आजादी के बाद से आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं पहुंची है। यहां बिजली पोल, ट्रांसफार्मर और तार लगा हुआ है फिर भी बिजली नहीं पहुंच पाई है। इसलिए हम लोग वोट बहिष्कार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेताओं को हमारे गांव की याद आती है, उसके बाद सभी भूल जाते हैं। पिछली बार चुनाव में भी यही आश्वासन मिला पर जीतने के बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी एक बार भी गांव नहीं आईं। बिजली नहीं रहने के कारण हमलोगों को रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### डैम में नहाने गये युवक की डूब कर मौत

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड क्षेत्र के बानपुर बंजारी डैम में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान बानपुर निवासी सत्य प्रकाश उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक डैम में नहाने गया था। इस दौरान वह डूब गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य किस्को पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच–पड़ताल कर रही है।

## सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग–काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

# गठित सदस्यों को गम्भीरता से दायित्व निष्पादन के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बुधवार को 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी, संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल,नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी,योजना के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग-अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया। सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। जिसमें बताया गया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पाकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल कीट, सुखा खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया। वही 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं 07 धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया। आगे, दोनों प्रेक्षक चास के बाजार समिति स्थित गोदाम का निरीक्षण किया। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर के संबंध में बताया। मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निवार्ची पदाधिकारी कक्ष, प्रेक्षक कक्ष, राजनीटिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया। इसके अलावे सामाहरणालय समीप स्थित ईवीएम वेयर हाउस एवं सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग/मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया।

**व्यय अनुश्रवण कोषांग का भी किया निरीक्षण**

**व्यय** प्रेक्षक ने कैंप वन स्थित राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित व्यय अनुश्रवण कोषांग का भी निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैली, जुलूस आदि के माध्यम से किए जा रहें चुनाव प्रचार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## विहिप ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों से किया आग्रह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** विश्व हिंदू परिषद कोडरमा जिला के झुमरी तिलैया नगर इकाई द्वारा बैठक वार्ड नंबर-23 मे नगर सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी के आवास पर संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा तथा संचालन नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि प्रांत और केंद्र के निदेर्शानुसार आगामी 12 मई से 19 मई 2024 तक सीतानवमी महोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसलिए झुमरी तिलैया नगर में भी मातृशक्ति और दुगावाहिनी बहनो के नेतृत्त्व मे अधिक से अधिक स्थानों पर मनाने का आग्रह किया। साथ ही साथ श्री वर्मा ने उपस्थित लोगो से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित मे मतदान प्रतिशत अधिक करने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने हेतु छोटी-छोटी टोली बनाकर बैठक करे। और लोगो से शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें झुमरी तिलैया नगर मातृशक्ति संजोजिका प्रभा देवी ने उपस्थित लोगो को आश्वस्त किया कि नगर में अधिक से अधिक संख्या मे सीतानवमी महोत्सव मनाई जाएगी। अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा और नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने संयुक्त रूप से लोगो से आग्रह किया कि सभी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण वर्ग करनी ही चाहिए। तभी वे परिपक्व और प्रशिक्षित कार्यकर्ता बनेंगे। झारखंड प्रांत मे भी विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक वर्ष वर्ग लगाती हैं। जिसमे पूरे प्रांत के सभी जिलों से कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस वर्ष गिरिडीह जिला के पारसनाथ मे परिषद का वर्ग 06 जून से 15 जून तक और बजरंग दल का वर्ग उसी स्थान पर 08 जून से 15 जून तक लगेगा।

## भाजपा कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की हुई बैठक

**कोडरमा :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यालय सुभाष चौक में की गई इस बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान ने की वह संचालन जावेद मस्तान ने की इस बैठक में समाजसेवी गुल्लू जिलानी भी मौजूद थे, बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने कोडरमा की नेता वह भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजयी बनाने का संकल्प लिया बैठक को संबोधित करते हुए अरशद खान ने कहा मुस्लिम समाज के लोग अब जागरुक हो गए हैं उन्हें पता है उन्हें इस चुनाव में क्या करना है हम किसी के बंधुआ मजदूर नहीं इंडिया गठबंधन मुसलमान को सिर्फ वोट की नजरिया से वह इस्तेमाल करना जानती है देश हित में हम मुसलमान को देश के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश के हित में काम करने की आवश्यकता है।

## 03 शातिर बदमाश गिरफ्तार, चोरी की 05 बाइक बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में धनबाद निवासी अमर भुईयां, हजारीबाग निवासी सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव के सोनू कुमार के घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक चोरी कर लेने से संबंधित मामला पांच मई को दर्ज कराई गई थी। इस मामले में डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित टीम ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल से पांच चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी इटखोरी सूर्य प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, कृष्णा कुमार तिवारी, मो. सब्बास आलम और गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## एनआईसी कक्ष में 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू व पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, एसी मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई 2024 को होना है। इसमें कुल 6860 पुरूष मतदान कर्मियों 198 महिला मतदान कर्मी को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं।

## जवाहर लाल का फेयरवेल सह सम्मान समारोह आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** आरपीएफ निरिक्षक जवाहर लाल जो अपने कार्यकाल में कोडरमा रेल परिसर को अपराध मुक्त बनाये रखे। और यहां पदस्थापित कर्मचारियों के किसी भी कठिनाइयों को तुरंत दुर करने का काम किये चाहे वह किसी के मोबाईल चोरी का मामला हो या रन ओवर का केश हो या अन्य किसी प्रकार के लॉ एण्ड आर्डर का मामला हो। सबमें इन्होंने काफी सहयोग किया तथा किसी भी विभाग के कर्मचारी को यदि कोई फंसाने का काम कर रहा होता था उस मामले में ये उन्हें सदैव बचाने का कार्य किये। इन्हीं सब कार्यशैली और हंसमुख, मिलनसार स्वाभाव से हम सभी कर्मचारीगण काफी प्रेरित एवं प्रभावित थे। इसी कड़ी में हमारे संगठन इसीआररकेयू /केक्यूआर गझण्डी ने उनका फेयरवेल सह सम्मान समारोह आयोजित करने का काम किया। जिसमें अनेकों विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित हुए। जिसमें नवनियुक्त आरपीएफ निरिक्षक दीपक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनका भी हमलोगों ने काफी जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस सभा में सभा के मुख्य अतिथि के रूप में सिख समाज के अध्यक्ष टिंकू छाबड़ा एवं साई आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक कवि अग्रवाल, शाहिद,आनंद विहार होटल के मालिक अमित खेतान ने भी जवाहर लाल के कार्यों एवं स्वाभाव को अद्वितीय बताते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस समारोह को सफल बनाने में इसीआररकेयू के संयुक्त सचिव संजीव नयन, अध्यक्ष अभय कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, संगठन मंत्री गिरिजेश कुमार के साथ- साथ अजीत कुमार, प्रेम कुमार आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रवीण कुमार के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें जिसमें विनोद कुमार सिंह सुल्तान खान अंजनी कुमार सहाय सौरभ कुमार शुभम विश्वास ने रक्तदान किया । रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने कहा 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस डे हेनरी डोनेट की जयंती पर मानते हैं इन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है। डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा की 8 मई को रेड क्रॉसदिवस पर एक छोटा सा अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था, ब्लड देने से शरीर फिल्टर होता है अधिक से अधिक लोगों को ब्लड देना चाहिए।

## संविधान को बदलने व संविधान को बचाने की लड़ाई : आलमगीर आलम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंडी गठबंधन ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा के मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। सरकार आमजनों की समस्याओं के निदान के लिए बनती हैं ना कि पूंजीपतियों का कर्जा माफ करने के लिए। इंडी गठबंधन संविधान को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है। आलमगीर ने कहा कि हिंदुस्तान की खूबसूरती गंगा जमुनी तहजीब है लेकिन भाजपा ने नफरत की राजनीति करते हुए समाज को बांटने का काम किया है। राज्य में बनी कांग्रेस, झामुमो तथा राजद की गठबंधन सरकार बेहतर कार्य कर रही है। आदिवासियों को सरना धर्म कोड देने का प्रस्ताव और ओबीसी को आरक्षण देने सहित अन्य कार्य किया लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी बिल को वापस कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर इशारों-इशारों में प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी से बगावत करते हुए कोई चुनाव नहीं जीत सकता है। केवल इंडी गठबंधन के जीत का अंतर कम करने का काम करेगा। आने वाले चार सालों में 20 लाख अबुवा आवास देने को लक्ष्य रखा गया है। संविधान को बचाने के लिए गंगा जमुनी तहजीब कायम करना होगा। भाजपा की नफरत की राजनीति को मोहब्बत से तोड़ देंगे। कार्यक्रम को कई अन्य ने सम्बोधित किया।

## कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**कोडरमा :** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी ( 45 ) की मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मो गुलाम रसूल ( 30 ) की मौत हो गयी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला निर्वाचन)**

प्रेस विज्ञप्ति
अधिग्रहण आदेश

मैं वाघमारे प्रसाद कृष्ण (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की 1951 की धारा 160 के अधीन लोहरदगा जिलान्तर्गत 72–लोहरदगा (अ0 ज0 जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 69– बिशुनपुर (अ0 ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अंश) के मतदान केन्द्र रूप में अधिसूचित भवनों को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में दिनांक 11.05.2024 से 14.05. 2024 तक के लिए (उपस्करों सहित) अधिग्रहण करता हूॅ एवं संबंधित भवनों के प्रधान को आदेशित करता हूॅ कि वे संबंधित भवनों को चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन, लोहरदगा को (उपस्करों सहित) उपलब्ध करा देंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.324558 Lohardaga(24-25):D

## चतरा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं का आशीर्वाद मिला, तो यहां का होगा कायाकल्प : कालीचरण सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** है समय बड़ा बलवान, पत्थर भी पानी बन जाया करता है। कुछ ऐसे भी होते हैं जो इतिहास रचाया करते हैं ।। जी हां हम बात कर रहे हैं चतरा संसदीय सीट पर होने वाले चुनाव का। यहां होनेवाला चुनाव में कुछ अलग नजारा देखने को मिल रहा है। अबतक के प्रत्येक बार के चुनाव से भिन्न इसबार के चुनाव में भाजपा तथा महागठबंधन के प्रत्याशी के बीच रस्सा कशी का खेल चल रहा है। आगामी 20 मई को यहां वोट डाले जाएंगे। आजादी के बाद से लेकर आजतक चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व अबतक बाहरी व्यक्ति ही करते आए हैं ,शायद यही कारण रहा है जो अबतक इस क्षेत्र समुचित विकास नहीं हो पाया है ।इसबार का चुनाव कुछ और दास्तान बयां कर रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टी ने एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता कालीचरण सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। श्री सिंह का पूरा जीवन संघर्ष से जूझते हुए गुजरा है। इन्हें पढ़ाई करने के लिए अपने घर से 8 किलोमीटर पैदल चलकर चतरा आना पड़ता था। बतौर कालीचरण सिंह खुद यह स्वीकार करते हैं कि उन्होंने गरीबी को काफी नजदीक से महसूस किया है और गरीबों के दर्द को भी भली भांति जानते हैं उन्होंने कई समस्याओं को खुद झेला भी है ।हालांकि इनके अंदर प्रारंभ से ही एक जुनून रहा है तथा हंसमुख ,प्रतिभा के धनी तथा समाजसेवी के रूप में इन्होंने एक अलग पहचान बनाया है। सभी के सुख दुख में हमेशा शामिल होने वाले श्री सिंह भाजपा के रथ पर सवार होकर इसबार चुनावी समर में उतर चुके हैं। वरिष्ठ संवाददाता नवीन कुमार पाण्डेय के साथ उनकी हुई बातचीत के कुछ प्रमुख अंश

**प्रश्न :** आप सक्रिय राजनीति में कब आए?

**उत्तर :** वैसे तो बाल काल से ही मैं संघ से जुड़ा था ।मेरा जन्म 18 जनवरी 1962 ई० में चतरा प्रखंड के सोनबीघा गांव में हुआ था। एमएससी तथा .एड की पढ़ाई करने के बाद 5 जनवरी 1981 को मेरी नौकरी सरकारी शिक्षक के पद हो गया था परंतु मुझे वहा काफी बंधन महसूस होता था तथा मैं स्वेच्छा से वर्ष 19 86 ई . मे त्यागपत्र देकर जन सेवा के लिए राजनीति में सक्रिय रूप से आ गए। चतरा के पूर्व विधायक स्वर्गीय महेंद्र सिंह भोक्ता से प्रेरणा पाकर मै राजनीति में सक्रिय रूप से आ गया।

**प्रश्न :** भारतीय जनता पार्टी में आपने क्या-क्या दायित्व का निर्वहन किया?

**उत्तर :** सर्वप्रथम वर्ष 1986 में भारतीय जनता पार्टी ने मुझे चतरा प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष बनाया था। उस समय चतरा हजारीबाग जिले का अंग हुआ करता था। वर्ष 2000 ई० में भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष रहने का मौका मिला । वर्ष 2002 में किसान मोर्चा का राष्ट्रीय मंत्री रहा ।वर्ष 2004 में मुझे राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया तथा वर्ष 2024 में एक बड़ा दायित्व प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मिला। उसी प्रकार से पलामू जिला का संगठन प्रभारी तथा कोडरमा संसदीय क्षेत्र का प्रभारी रहने का मौका मिला।

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूँटी**
**(निर्वाचन शाखा)**

अधिग्रहण आदेश

लोकसभा आम चुनाव– 2024 के निमित विद्यालयों, पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सामुदायिक भवनों एवं अन्य भवनों को मतदान केन्द्र के रूप में अधिग्रहण किया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में मैं लोकेश मिश्रा भा0प्र0से0 जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 का प्रयोग करते हुए 58 तमाड़ (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 91 से 166, 59 तोरपा(अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 01 से 163 एवं 60 खूँटी (अ.ज.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदानकेन्द्र संख्या 01 से 297 तक के विद्यालयों/पंचायत भवनों/सामुदायिक भवनों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों को मतदान दिवस के एक दिन पूर्व से एवं मतदान दिवस के एक दिन पश्चात तक सम्पूर्ण भवन को उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ।

एतद द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि संबंधित सभी मतदान केन्द्र के पदाधिकारी (बी0एल0ओ0) को मतदान दिवस के एक दिन पूर्व चाभी सौंपना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 324573 Election (24-25)_D

## एक झलक

### सात किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिला पुलिस ने दरपा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर सात किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दरपा थाना पुलिस ने तिनकोनी गांव में सघन वाहन जांच व छापेमारी के दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति को 05 किलोग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये दोनो अरविन्द कुमार, थाना-दरपा व बिक्की कुमार श्रीवास्तव, थाना-दरपा बताये गये। जिनकी निशानदेही पर पर तिनकोनी गांव के शंकर सिंह के घर से 2 किलोग्राम गांजा और बरामद किया गया। साथ ही वहां से मिथलेश देवी नामक एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 76 हजार 650 भारतीय व 875 नेपाली रूपया माप तौल मशीन स्केल बाट व मोबाइल बरामद किया गया।इस संदर्भ में दरपा थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। छापेमारी टीम में रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार,दरपा थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी,पीएसआई नीतीश कुमार व दरपा थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में युवक की मौत

**नवादा :** नवादा जिले के रोह थाने के शेखपुरा गांव के निकट बुधवार को दो मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर हो गई,जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हो गई। दूसरे की हालत गंभीर बताई जाती है । ग्रामीणों ने बताया कि शेखपुरा गांव के पास दोनों मोटरसाइकिल रफ्तार से आ रही थी। संतुलन खोने के कारण एक दूसरे से सीधी टक्कर हो गई, जिसमें नेमदरगंज थाने के चेता बीघा गांव के निवासी युवक कौशल कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए ।उनकी मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई ।दूसरा मोटरसाइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीणों ने बताया कि घायल लोगों को ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना की सूचना मृतक के परिजन को भी दे दी गई है। लाश का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करा दिया गया है। इस घटना के बाद चेताविघा गांव में मातम का माहौल है ।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल भी है।

### महिला ने चाकू से गोद कर की पति हत्या

**गाजियाबाद :** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात में एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। उसके पति को घायल कर दिया गया। पुलिस हत्या करने के आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। महिला का नाम ज्योति है और उसके पति का नाम लंकेश है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि अभय खंड चौकी पर सूचना मिली कि मकनपुर में एक महिला व उसके पति पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जांच में पता चला कि ज्योति अपने पति लंकेश के साथ मकनपुर में अपनी माता चंपा देवी के पास आई थी। देर रात्रि में वहां पर चंपा देवी,अजय चौधरी और बॉबी भी मौजूद थे।
आपस में उनके बीच बात हो रही थी, तभी बॉबी ने चाकू से ज्योति और लंकेश पर हमला कर दिया। ज्योति को तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। वहीं, लंकेश भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित बॉबी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने ज्योति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तलाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**पूर्वी चंपारण :** जिले में कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के दोस्तियां गांव में बुधवार को तलाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोनो बच्चे मंगलवार की शाम से ही लापता थे।

# नौकरी चाहिए, तो 'इंडिया गठबंधन' को वोट दें : तेजस्वी



एजेंसी

**डेहरी आन सोन :** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को काराकाट संसदीय क्षेत्र में महागठबंधन उम्मीदवार माले नेता राजाराम के नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर नौकरी चाहिए तो इंडिया गठबंधन को वोट दीजिए। अगर बेरोजगारी व गरीबी चाहिए तो राजग को वोट दीजिए। काराकाट संसदीय क्षेत्र के डेहरी विधान सभा के अकोढ़ीगोला प्रखंड के प्रेम नगर हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं रोजगार और नौकरी की बात करता हूं। जबकि, हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र की बात करते हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है ।सरकार बनने पर गैस सिलेंडर भी सस्ते दाम पर होंगे उपलब्ध। तेजस्वी ने कहा अभी बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इसलिए बदलाव आवश्यक है। बदलाव के लिए वोट की चोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। एलपीजी गैस सिलेंडर भी सस्ते दाम पर उपलब्ध कराई जाएगी। बिजली बिल भी 200 यूनिट तक फ्री कर दिया जाएगा। रक्षाबंधन पर सभी बहनों को एक-एक लाख रुपये प्रतिवर्ष का तोहफा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सरकार में रहते हुए 17 महीने में 5 लाख नौकरियों का सृजन किया। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको साथ लेकर चलते हैं। हमलोग संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं। मौके पर दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि तीन चरण के चुनाव सम्पन्न हो चुके है। भाजपा का ग्राफ गिर चुका है। सरकार को बदलने वाला चुनाव है। इस देश के नौजवान इंतजार कर रहे है की मुद्दे की बात करने वाली सरकार केंद्र की गद्दी पर बैठे। इंडी गठबंधन की सरकार रोजगार देने को कार्य करेगी ।स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू होगी ।किसानों को उसका अधिकार दिया जाएगा। बिहार से चौंकानेवाला परिणाम आयेगा । वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा की लोकतंत्र में जनता मालिक है। महागठबंधन उम्मीदवार को जिताने की अपील करते हुए मुकेश ने कहा कि यह स्वाभिमान की लड़ाई है। मल्लाह के बेटे ने गंगाजल लेकर संकल्प लिया है कि भाजपा को हराना है और दिल्ली की गद्दी से हटाना है। उन्होंने इंडी गठबंधन के हर कार्यकर्ता को जीत दिलाने के लिए मेहनत करने की अपील की। मौके पर राजद विधायक फतेबहादुर सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांति सिंह पूर्व मंत्री अनिता चौधरी ,ओबरा विधायक रिषी कुमार, नवीनगर विधायक डब्ल्यू सिंह उर्फ विजय सिंह, भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## लोकतंत्र के रक्षार्थ मताधिकार प्रयोग करें : पं जीवेश्वर मिश्रा



एजेंसी

**मधुबनी :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) द्वारा बुधवार को "मतदानं विधियताम्" की प्रेरित भावनात्मक अपील आम मतदाताओं से किया। विहिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पडित जीवेश्वर मिश्रा ने लोकतंत्र में मतदान व मतदाताओं की अह्म भूमिका विषय के साथ विचार मंथन विमर्श किया। दरभंगा मिश्रटोला निवासी विहिप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित जीवेश्वर मिश्रा ने संसदीय चुनाव में मतदान की प्रतिशत बढाने को मतदाताओं से बूथ पर पहुंचकर अपना मत गिराने का सार्वजनिक अपील किया है। जीवेश्वर मिश्रा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। मतदान हमें पूर्ण स्वतंत्रता देती है। हम अपनी इच्छा के अनुकूल अपना प्रतिनिधि नियुक्त करें । मतदान करना भी एक पक्ष से हमारी नैमित्तिक पूजा है। जिससे हमें नीर-क्षीर विवेचन निष्ठा पूर्वक अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान में मनवांछित उम्मीदवार की चयन विवेकपूर्वक ध्यान रखकर करना आवश्यक है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जरूरत हे कि हम अपने मताधिकार के माध्यम से उस दल विशेष को मजबूत करेंगे।

## गैस सिलिंडर से लगी आग, दो बच्चों के साथ झुलसी मां



एजेंसी

**नवादा :** नवादा में बुधवार को गैस सिलेंडर से लगी आग में तीन लोग झुलस गए हैं। इनमें महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। तीनों को इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पड़ोसियों ने बताया कि गैस सिलेंडर लीकेज के कारण घर में आग लगने पूरा घर धू - धूकर जलने लगा. इस घटना में खाना बना रही महिला और उसके बेटा-बेटी जख्मी हो गए हैं. सभी को ग्रामीणों ने इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मां-बेटी को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीक हुई थी। इस घटना में जख्मी पुत्र का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। मामला नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के होरिल गांव का है। यहां अचानक घरेलू गैस सिलेंडर लीक होने लगा, जिसके कारण घर में आग लग गई ।घायलों में शिवनंदन यादव की पत्नी आशा देवी, पुत्री नेहा कुमारी और पुत्र राहुल कुमार शामिल है. बताया जा रहा है कि महिला गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी, तभी सिलेंडर से गैस लीक होने लगा और फिर तुरंत आग लग गई। महिला की हालात गंभीर बनी है। गैस सिलेंडर लीकेज की वजह से आग पूरे घर में फैल गई. जिसने मां और उसके दो बच्चे को अपने आगोश में ले लिया. जिससे तीनों झुलस गए। इन हादसों से बचने के लिए हमेशा सिलेंडर पर लिखे कुछ नंबर और अल्फाबेट से आप उसकी एक्सपायरी डेट जान सकते हैं, जिससे एक बड़े हादसे को टाला जा सकता है. प्रभावित गांवों में मातम का माहौल कायम है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में तीन पर प्राथमिक दर्ज



एजेंसी

**किशनगंज :** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के पौआखाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पवना में खनन विभाग द्वारा अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध छापेमारी के क्रम में विभाग के टीम के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप कुछ लोगों पर लगा है साथ ही साथ जप्त किए गए ट्रैक्टर को जबरन बल पूर्वक छुड़ाने का भी आरोप लगा है। जिसको लेकर खनन विभाग के खान निरीक्षक सौरव गुप्ता ने पौआखाली थाना में आवेदन दिया है। मामले को लेकर पौआखाली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में खनन विभाग के खान निरीक्षक सौरव गुप्ता द्वारा आवेदन दिया गया है और तीन नामजद अभियुक्त सहित एक ट्रैक्टर स्वामी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसका कांड संख्या 21/24 है आगे उन्होंने कहा कि मामले में अवैध खनन, भंडारण और परिवहन सहित सरकारी कार्य में बाधा डालना और बलपूर्वक ट्रैक्टर को छुड़ाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

## दस मई को मनाया जायेगा अक्षय तृतीया का पर्व
## 12 मई को छह मासिक रविव्रत अंत : तरुण झा



एजेंसी

**सहरसा :** कोसी क्षेत्र के चर्चित ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा के अनुसार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार ये दिन खास महत्व रखता है ।पंडित तरुण झा ने बताया की इस बार अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयन्ती 10 मई शुक्रवार को होगा एवं 12 मई को छः माह से चली आ रही रविव्रत का अंत होगा ।अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी के चांदी की चरण पादुका खरीदकर उसकी पूजा करके घर या दुकान के मंदिर में स्थापित करें। वाहन खरीदने के लिए भी ये दिन उत्तम है। देवी लक्ष्मी का वास धन के साथ धान्य में भी होता है। अन्न का दान जरूर करें। इस दिन दान का सर्वाधिक महत्व होता है। इस दिन संभव हो तो पानी से भरी स ु र ा ह ी , अ र व ा चावल,दाल,सिंधा नमक, हरी सब्जी,घी, दही,चीनी, मिठाई फल एवं संभव हो तो वस्त्र का दान करना शुभ माना जाता है। मिथिला परंपरा में एक दूसरे को शर्बत पिलाते हैं और गरीबो को दक्षिणा देते हैं। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करके अक्षत,पुष्प, धूप-दीप और नैवेद्य से सूर्य देव की पूजा की जाती है तथा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का भी विधान है। मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया पर गंगा नदी में स्नान करने से भक्त को सभी पापों से मुक्ति मिलती है ।इस दिन पितृ - संबंधित कार्य करने से पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

## राजधानी पटना में हुई बारिश, 11 जिलों में अलर्ट

**पटना :** मौसम विज्ञान केंद्र के अलर्ट के बाद बुधवार को राजधानी पटना में जोरदार बारिश हुई। तेज आंधी और बारिश होने से पटना का मौसम सुहाना हो गया। विभाग ने वैशाली, नालंदा, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिले के लिए भी अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जतायी गयी है। इस दौरान ओलावृष्टि और वज्रपात की भी चेतावनी दी गयी है। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों के कुछ भागों में मध्यम दर्जे का मेघ गर्जन, वज्रपात, 30-40 किलोमीटर तक हवा की गति के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से आग्रह किया है

## जिले में दूसरे दिन भी झमाझम बारिश से गिरा तापमान



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले में मंगलवार को तेज आंधी के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश दुसरे दिन भी जारी है। लिहाजा दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री से लुढककर 27 डिग्री हो गई है। आसमान में छाये बादल से दिन में अंधेरा बना हुआ है तेज आंधी के कारण जिले के सभी अनुमंडलो में बिजली आपूर्त्ति बाधित है ।बारिश से एक ओर किसानों के चेहरे पर खुशी दिख रहा है,तो वही शहरो में कई जगह जलजमाव होने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है,कि लंबे इंतजार के बाद सीजन की पहली बारिश से तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत तो मिली ही है,साथ ही लगातार नीचे जा रहे भू गर्भीय जलस्तर भी स्थिर होने का अनुमान जताया जा रहा है ।हालांकि इस बारिश के साथ मेघ गर्जन से वज्रपात का भी डर बना हुआ है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भी वज्रपात होने को लेकर अलर्ट जारी किया है। वही इस बारिश से खेती को काफी लाभ होने की उम्मीद जतायी गई है ।कृषि विभाग की माने तो मई माह में हुई इस बारिश से सब्जी की खेती के साथ आगामी खरीफ खेती को काफी लाभ होगी ।हालांकि इस बारिश ने जिले के सभी शहरी क्षेत्र मोतिहारी,रक्सौल,ढाका घोड़ासहन,सुगौली व अरेराज के मुख्य सड़को पर जलजमाव की स्थिति से लोगो को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता अमाल खान ने की आवश्यक बैठक



एजेंसी

**ओरमांझी :** रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति एवं प्रचार को धारदार बनाने के लिए जिला प्रवक्ता अमाल खान के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक अमाल खान के आवास डटमा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीम अहमद संचालन अनावरूल हक ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता खुर्शीद सहित रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, बुथ कमिटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। सभी प्रखण्ड मुख्यालय के समीप चुनाव वार रुम संचालित करने और चुनाव परिणाम आने तक युद्ध स्तर पर काम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रवक्ता अमाल खान ने टोली, बुथ,पंचायत और प्रखण्ड स्तर पर लोगों को जागरूक करने और मतदान कराने संबंधी आवश्यक सुझाव दिए।और उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के मोदी सरकार द्वारा ली गई नीतियों का पूरे झारखंड के जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है।

## अभाविप चलायेगी कुलपति भगाओ विश्वविद्यालय बचाओ अभियान




एजेंसी

**भागलपुर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने आंदोलन की आगामी योजना एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए आवाहन किया। कुलपति भागाओ विश्वविद्यालय बचाओ अभियान का शुरूआत विद्यार्थी परिषद द्वारा किया जाएगा। प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं की बर्बरता पूर्वक गिरफ्तारी और छात्रों के आवाज को दबाने का यह असफल प्रयास है। इसे विद्यार्थी परिषद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एससी एसटी छात्र एवं सभी वर्गों की छात्रों का निशुल्क नामांकन तथा प्रवेश परीक्षा और परिणाम में अराजक स्थिति को दूर करने के लिए विद्यार्थी परिषद ने कई बार कुलपति से वार्ता एवं ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया।

## वृक्षारोपण कर मनाया गया रेड क्रॉस सोसाइटी स्थापना दिवस




एजेंसी

**भागलपुर :** रेड क्रॉस सोसायटी के स्थापना दिवस को लेकर बुधवार को बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी और भारत स्काउट एवम् गाइड के बहादुर एवं अनुशासित बालिका कैडेटों ने वृक्षारोपण का अति उत्तम एवम् सर्वकल्यांकारी कार्यक्रम संपादित किया। इस दौरान बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार पाठक ने अत्र भाषण के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी की महत्ता पर विधिवत प्रकाश डाला। रेड क्रॉस सोसाइटी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक जिवराजिका, उपाध्यक्ष डॉ अजय कुमार इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को बड़े ही प्रभावी ढंग से आयोजित कर सफल बनाया।

# भारत-नेपाल सीमा से अमेरिकी मां-बेटी समेत एक भारतीय गिरफ्तार




**किशनगंज :** एक विदेशी महिला प्यार के लिए अपने 11 वर्षीय बेटी को लेकर भारत आ गई। प्यार में गजब की ताकत होती है। इसका अहसास केवल प्यार करने वालों को ही होता है। भारत-नेपाल सीमा के पानीटंकी से एक ऐसी ही अनोखी प्यार की कहानी सामने आई है। विदेशी महिला का नाम नैना काला पौडेल है और उसके 11 वर्षीय बेटी का नाम यूनिस बिस्वा हैं। ये दोनों अमेरिका के रहने वाले हैं। दरअसल नैना काला पौडेल की फेसबुक पर एक भारतीय नागरिक नीमा तमांग से मुलाकात हुई। देखते ही देखते उसे फेसबुक पर एक-दूसरे से प्यार हो गया। इसके बाद दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और दोनों को एक दूसरे की जुदाई नहीं सही गई और दोनों ने एक-दूसरे से शादी करने का मन बना लिया। नैना अपनी बेटी के साथ नीमा तमांग से शादी करने के लिए हवाई मार्ग से 19 मार्च 2024 को अमेरिका से न्यूयॉर्क और फिर नई दिल्ली पहुंची। यहां वह दो दिन रुकने के बाद 21 मार्च 2024 को नई दिल्ली से बागडोगरा पहुंची। फिर वह नीमा तमांग के घर भाटपाड़ा चाय बागान, कालचीनी पहुंची। इसके बाद 13 अप्रैल 2024 को ग्रेस वैली चर्च, भाटपाड़ा में उसने नीमा तमांग के संग विवाह रचाया। इसके बाद नीमा तमांग ने अलीपुरद्वार जिले के मिल्टनगंज की एक दुकान से 10 हजार रुपए देकर नैना काला पौडेल और उसके बेटी यूनिस बिस्वा का फर्जी आधार कार्ड बनाया। इसके बाद 21 अप्रैल 2024 को हनीमून के उद्देश्य से पानीटंकी नए पुल के रास्ते वे फर्जी आधार कार्ड के आधार पर नेपाल गए। हनीमून मनाने के बाद 7 मई मंगलवार को वे तीनों भारत लौट रहे थे। उसी दौरान पानीटंकी सीमा पर तैनात एसएसबी की 41वीं वाहिनी ने पानीटंकी बीआईटी कर्मियों ने अमेरिकी मां-बेटी नैना काला पौडेल और यूनिस बिस्वा को पकड़ लिया। साथ ही भारतीय नागरिक नीमा तमांग को भी पकड़ लिया। नैना काला पौडेल और यूनिस बिस्वा अमेरिका का रहने वाला बताया गया है। उनके पास 2029 तक वैध 5 साल तक भारतीय वीजा भी है। वहीं उसकी बेटी यूनिस बिस्वा का वीजा 20 मार्च 2025 तक वैध है। नीमा तमांग अलीपुरद्वार जिले के नयालाइन, भाटपाड़ा चाय बागान, कालचीनी इलाके का रहने वाला बताया गया है। एसएसबी ने अपनी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद अमेरिकी मां-बेटी व नीमा तमांग को खोरीबाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बुधवार को अमेरिकी मां-बेटी व भारतीय नागरिक को पांच दिन की पुलिस रिमांड अर्जी पर सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## एक झलक

### 16वें वित्त आयोग ने आम जनता, संस्थाओं और संगठनों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली :** सोलवें वित्त आयोग (16वेंएफसी) ने अपने विचारणीय विषयों से संबंधित मुद्दों पर आम जनता, संस्थाओं और संगठनों से सुझाव मांगे हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया कि ये सभी सुझाव सोलहवें वित्त आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://fincomindia.nic.in/portal/feedback के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से डॉ. अरविंद पनगढ़िया को सोलहवें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 16वें वित्त आयोग ने संविधान के अध्याय 1, भाग क्क के तहत संघ और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय का वितरण, संबंधित हिस्सों का राज्यों के बीच आवंटन विषयों को लेकर सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं।


### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव थमता नजर नहीं आ रहा। ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.42 फीसदी की गिरावट के साथ 82.81 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर यानी 0.36 फीसदी लुढ़ककर 78.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ानें रद्द होने पर मांगी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से 80 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने के मामले में रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से इस मामले का समाधान करने को भी कहा है। इसके साथ ही एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निदेर्शों के मुताबिक यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ानें रद्द होने के मुद्दे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ानें रद्द होने के मुद्दे को तुरंत सुलझाने को कहा है। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों के बीमार होने की सूचना के बाद छुट्टी पर चले जाने पर मंगलवार देर रात से अबतक करीब 90 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं।

# सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी




**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज निचले स्तर से शानदार रिकवरी करने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में और भी अधिक कमजोरी आ गई लेकिन बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर दोनों सूचकांक रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी कल के क्लोजिंग लेवल पर पहुंच कर यानी बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर कंज्यूमर गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल और पावर सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 400.85 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 398.43 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.42 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,926 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,133 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,661 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 132 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,218 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,273 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 945 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 286.85 अंक की कमजोरी के साथ 73,225 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 437.93 अंक टूट कर 73,073.92 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर दोपहर 2 बजे के करीब इस सूचकांक ने निचले स्तर से 550 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 137.08 अंक की बढ़त के साथ 73,648.93 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

## रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा के ऐप से ग्राहक जोड़ने पर लगी पाबंदी हटायी

**नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) को 'बॉब वर्ल्ड' एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की सुविधा बहाल कर दी है। आरबीआई ने करीब सात महीने बाद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को यह अनुमति दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 को अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है। बैंक अब लागू दिशा-निर्देशों और मौजूदा कानूनों या विनियमों के अनुरूप इस ऐप के जरिए ग्राहकों को फिर जोड़ने के लिए स्वतंत्र है। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा को उसके मोबाइल ऐप 'बॉब वर्ल्ड' के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर 10 अक्टूबर 2023 को रोक प्रतिबंध लगा दिया था। बैंक नियामक ने यह कदम पर्यवेक्षण चिंताओं के बाद उठाया था। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने हाल ही में निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक पर ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग के जरिए नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगाया था।

## जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स का मेगा सर्विस कैम्प रांची में 10-11 मई को




**रांची :** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को झारखंड के रांची में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जायेगा। इस कैंप का आयोजन रांची में, विशेष रूप से इस क्षेत्र के 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 10 मई से 11 मई तक होगा। सर्विस कैंप का आयोजन अशोक डिस्ट्रीब्यूटर्स, बाजार समिति के पीछे, पंडरा में होगा। इस कैंप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को वाहन की व्यापक जांच और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदलने की सुविधा होगी। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रि य रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों की जांच के मूल्यांकन के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, विनिमय मूल्य (एक्सचेंज वैल्यू) का आकलन करने के लिए अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वालों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र होगा। पहले चरण के सर्विस कैंपों की सफलता के मद्देनजर जावा को उम्मीद है कि जून के अंत तक लगभग 10,000 बाइक की सर्विसिंग हो सकती है। पहले चरण के इन कैंप में 6250 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों की सर्विसिंग हो चुकी है। जावा आने वाले महीनों में देश भर के कई शहरों में मेगा सर्विस कैंप (दूसरे चरण) का आयोजन करेगी। अगले कैंप भुवनेश्वर, हुबली, पटना, त्रिची, अनंतपुर, गोवा, नासिक और जबलपुर में आयोजित किये जायेंगे।

## केनरा बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा


**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ने शेयरधारकों को 16.10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,685 करोड़ रुपये थी।

## सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सोना और चांदी ने लगायी छलांग



**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में आज 300 रुपये से 400 रुपये तक की उछाल दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 72,390 रुपये से 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,360 रुपये से 66,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज करीब 1,000 रुपये की तेजी आई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 85,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,510 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ट्रक ड्राईवर्स के लिए एमेजॉन इंडिया ने लॉन्च किया हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम 'सुश्रुत'



**रांची :** एमेजॉन इंडिया ने ट्रक ड्राईवर्स के लिए एक विस्तृत हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम 'सुश्रुत' लॉन्च किया। एमेजॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राईवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राईवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ायेगा। बेंगलुरु, मानेसर (हरियाणा), और देश के अन्य हिस्सों में ट्रक ड्राईवर्स के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की जा रही है। प्रेमांश फाउंडेशन, आँचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे इन कैंप्स में से पहले कैंप का आयोजन जनवरी, 2024 में बैंगलुरू में किया गया था और हाल ही में संपन्न हुआ मानेसर का कैंप काफी सफल रहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रक ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया। एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, एमेजॉन में हम ट्रक ड्राईवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है। 'सुश्रुत' प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राईवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है। हमें उम्मीद है कि यह प्रोग्राम ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा। सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य अनेक जांच सेवाएं, जैसे खून की जांच, आंखों की जांच, और दाँतों का परीक्षण करना है, ताकि ट्रक ड्राईवर्स के स्वास्थ्य की समस्याओं की पहचान व निदान हो सके।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में बिकवाली का दबाव

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। लेकिन डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में आज कमजोरी नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। लेकिन एशियाई बाजारों में आज बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में जोश नजर आया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,193.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,394.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम, बिटकॉइन और एथेरियम में बड़ी गिरावट



**नयी दिल्ली :** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 63 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,485.55 डॉलर यानी 52.18 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,002.62 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.34 प्रतिशत, सोलाना 6.20 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.13 प्रतिशत डॉगकॉइन 6.07 प्रतिशत, टॉनकॉइन 4.33 प्रतिशत और काडानी 2.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर और यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.78 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.30 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 192.08 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 6,360 करोड़ डॉलर यानी 5.31 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 11.43 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.11 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 53.56 प्रतिशत हो गई है।

## पेज एक के शेष

**चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं...**

किया कि क्या देश के लोगों की क्षमता चमड़ी के रंग से तय होगी? शहजादे को यह अधिकार किसने दिया? संविधान को सिर पर रख कर नाचनेवाले लोग इस आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को उनकी विभाजनकारी टिप्पणी के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा बयान हमारे राष्ट्र की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं पुष्टि करता हूं कि हम सभी भगवान श्री कृष्ण के बच्चे हैं और जाति या पंथ की परवाह किये बिना हम सभी समान हैं।' प्रधानमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वारंगल मेरे दिल में और भाजपा की यात्रा में एक विशेष स्थान रखता है। 40 साल पहले जब भाजपा के केवल दो सांसद थे, उनमें से एक हनमकोंडा से थे। उन्होंने कहा कि हम आपका आशीर्वाद और स्नेह कभी नहीं भूल सकते। जब भी हमें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, वारंगल के लोगों ने हमेशा हमारा समर्थन किया है।

**कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय...**

आरोप लगाया था? जब बीआरएस सत्ता में थी, तो क्या कोई जांच हुई? इसी तरह कांग्रेस ने बीआरएस पर कालेश्वरम घोटाले का आरोप लगाया। इतने लम्बे समय तक तेलंगाना की सत्ता में रहने के बावजूद क्या कांग्रेस ने इसकी कोई जांच करायी है? यह स्पष्ट है... दोनों एक ही भ्रष्टाचार सिंडिकेट में शामिल हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियों की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और बीसी समुदायों को भुगतनी पड़ती है। एक बार फिर कांग्रेस इन समुदायों के खिलाफ साजिश रच रही है, उनका लक्ष्य उनके आरक्षण अधिकार को छीनना है। डॉ. बाबासाहेब अम्बेदकर ने हमें आरक्षण का अधिकार दिया और हमारा संविधान धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध करता है। हालांकि, कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए एससी, एसटी और बीसी समुदायों से आरक्षण छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि कल ही, इंडी गठबंधन के एक प्रमुख व्यक्ति ने खुले तौर पर मुसलमानों के लिए पूर्ण आरक्षण की वकालत की, जिसका उद्देश्य एससी, एसटी और बीसी समुदायों से वर्तमान आरक्षण लाभ छीन कर मुसलमानों को देना था। यही कारण है कि वे मडिगा समुदाय को भी अधिकार देने का विरोध करते हैं।

भाजपा और विपक्षी दलों के बीच तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने हमेशा सबसे ऊपर राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस दोनों पहले अपने-अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं। कांग्रेस और बीआरएस के बीच अंतर करना बहुत कठिन है। कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। यह जरूरी है कि हम तेलंगाना को इस विनाशकारी गठबंधन से बचाने के लिए एकजुट हों। कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल किया कि महज पांच साल पहले वे अंबानी और अडानी के प्रति आसक्त थे। हालांकि, रातों-रात उनका नजरिया बदल गया है और अब वे उनके बारे में चुप रहते हैं। उन्होंने सवाल किया, 'इस अचानक बदलाव के पीछे क्या कारण हो सकता है? यह पाखंड कहां तक जायेगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है?' प्रधानमंत्री मोदी ने एक राज्य के रूप में तेलंगाना की क्षमता को रेखांकित किया और कहा, 'तेलंगाना, संस्कृति और आस्था से समृद्ध राज्य, ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सामग्री का योगदान दिया, जिससे इसकी सुन्दरता बढ़ गयी। आज देशभर से लोग श्री रामलला की एक झलक पाने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस पार्टी के इरादे कुछ और हैं। कांग्रेस राजपरिवार के एक पूर्व सलाहकार ने खुलासा किया कि कांग्रेस के शहजादे अदालत के फैसले को चुनौती देकर राम मंदिर के निर्माण को रोकने की योजना बना रहे थे। एक मीटिंग में उन्होंने खुलासा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी, तो कोर्ट के फैसले को पलट देगी और राम मंदिर पर ताला लगा देगी।

**पीएम 12 को पटना में करेंगे रोड शो...**

कार्यालय और पटना एसएसपी कार्यालय के मुताबिक पटना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन से चार किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इस दौरान खुली गाड़ी पर सवार प्रधानमंत्री जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इसे लेकर मंगलवार को भाजपा के पटना स्थित कार्यालय में संगठनात्मक बैठक भी हुई।

पीएम का रोड शो पटना हाई कोर्ट के पास अम्बेदकर मूर्ति से शुरू होगा, जो कदमकुंआ तक जायेगा। हालांकि, अभी पीएमओ के स्तर से इसकी स्वीकृति मिलनी बाकी है। पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान पिछले दिनों झारखंड की राजधानी रांची में भी रोड शो किया था। लेकिन, यहां खास बात यह है कि रोड शो के बाद पीएम पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन बिहार में तीन जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे और वाराणसी जाकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

**पित्रोदा का बयान विपक्षी गठबंधन को अस्वीकार, कांग्रेस ने किया किनारा...**

टीकेएस एलानगोवन ने पित्रोदा के बयान पर कहा, 'यह हमारा बयान नहीं है। हम सब साथ हैं। यहां कई धर्म, संस्कृति, भाषाएं हैं, लेकिन हमने कभी भारत के लोगों में भेद नहीं किया। हम भाषा और संस्कृति की समानता की बात करते हैं और यह मानते हैं कि भारत के हर राज्य में रहने वाले लोग समान हैं।

**मुख्यमंत्री ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिये आदेश...**

निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।

रविशंकर, सेवानिवृत्त, झाप्रसे, तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड।

लखी राम बास्के, झाप्रसे, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-03, मानगो शिविर, आदित्यपुर, सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग।

जितेन्द्र कुमार देव, झाप्रसे, तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़।

मुकुंद दास, सेवानिवृत्त, झाप्रसे, बीडीओ, गुमला।

संदीप बक्शी, झाप्रसे।

**कांग्रेस 'विचार शून्य' पार्टी, संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं राहुल गांधी : नड्डा...**

कहा कि इंडी एलायंस के सहयोगी तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और एचआईवी कहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी के किसी भी नेता ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की थी। राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी नारे लगाने वालों का समर्थन करते हैं और उन्हें चुनाव में टिकट देते हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे और अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं - जैसे नारे देनेवालों के साथ राहुल गांधी खड़े होते हैं। कांग्रेस को देश से कोई लेना-देना नहीं है, वह केवल अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लगी हुई है। उन्होंने पन्ना प्रमुखों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाकी सभी पार्टियों ने विचारधारा के साथ समझौता किया, लेकिन भाजपा जन संघ के रूप में अपनी स्थापना से लेकर आज तक अपनी विचारधारा पर अडिग रही। उन्होंने कहा कि जिस नारे के लिए हमारे नेता स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपना बलिदान दिया, आज जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से जम्मू-कश्मीर में 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को 10 दिन के कठोर अनुष्ठान के बाद राम लला को भव्य राम मंदिर में विराजमान किया।

**पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं राहुल : शाह...**

हैं, राहुल विरोध करते हैं। अनुच्छेद 370 हटती है, राहुल विरोध करते हैं। राम मंदिर बनता है, राहुल विरोध करते हैं। राहुल पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं और पाकिस्तान राहुल का। उन्होंने कहा कि कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। राहुल अमेठी से वायनाड गये और वायनाड से रायबरेली आ गये। रायबरेली में भी राहुल गांधी हारनेवाले हैं। गृहमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस, टीएमसी ये सारे जो इकट्ठा हुए हैं, इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किये हैं। एक दिन पहले ही झारखंड में इस गठबंधन सरकार के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से 30 करोड़ रुपये पकड़े गये। कुछ दिन पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये पकड़े गये थे। उसके कुछ दिन पहले टीएमसी नेता के घर से 51 करोड़ रुपये पकड़े गये थे। मैं राहुल और अखिलेश से कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार करोगे, तो पकड़े भी जाओगे और जेल भी जाओगे। कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं और माताओं का कल्याण करना चाहते हैं, तो भाजपा का वोट करिए। यूपी की जनता को पसंद करना है कि एक ओर थोड़ी गर्मी पड़ते ही छुट्टी लेनेवाले राहुल हैं, वहीं एक दिन भी छुट्टी न लेने वाले नरेन्द्र मोदी हैं। एक तरफ भ्रष्टाचार के आरोपित हैं, तो दूसरी तरफ मोदी पर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। एक ओर रामलला को 70 साल तक टाट में बिठानेवाले हैं, तो दूसरी ओर रामलला को भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित कराने वाले हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि हरदोई अपने प्रिय नेता अटल जी की भी कर्मभूमि रही है। जनसंघ के जमाने से 1962 में हरदोई ने यहां दीपक जलाकर जनसंघ को आगे बढ़ाया। 2021 में अखिलेश हरदोई में सरदार पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन करने आये थे और कह गये कि मोहम्मद अली जिन्ना महान व्यक्ति थे। अरे, अखिलेश इतिहास ढंग से पढ़ो, भारत माता के टुकड़े करनेवाले और कोई नहीं, आपके महान नेता मोहम्मद अली जिन्ना थे। अमित शाह ने मंच से हरदोई से भाजपा उम्मीदवार जय प्रकाश रावत और मिश्रिख से भाजपा उम्मीदवार अशोक रावत को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा...**

फोटो और उसके चुनाव चिन्ह का भी प्रदर्शन किया गया था। यहां मतदाता को अपनी पसंद के उम्मीदवार की पहचान करने और उसे चुनने का बेहद सरल और सहज माध्यम उपलब्ध कराया जाता है। यह एक अनुकरणीय व्यवस्था है। कमीशन ऑन इलेक्शन्स की एसोसिएट कमिश्नर सोकोरो बी. इंटिंग ने कहा कि भारतीय निर्वाचन व्यवस्था एक समावेशी प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदाताओं को उनकी सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराती है। मतदाताओं को मतदान से जोड़ने की आपकी प्रणाली से हम अभिप्रेरित हैं। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बधाई दी।

## एक झलक

### ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी को दिया झटका

**लंदन** : भारत का भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की अदालत ने एक और झटका देते हुए उसकी नई जमानत याचिका को खारिज कर दिया। ज्ञात रहे कि नीरव मोदी भारत से धोखाधड़ी करके भागने के बाद से पिछले पांच साल से लंदन की जेल में बंद है। ब्रिटेन की अदालत ने उसकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज किया कि उसे न्याय की पकड़ से भागने का 'काफी खतरा' है। हीरा व्यापारी नीरव (52) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना कर रहा है और भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अपना मुकदमा हार गया था। लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में उसके द्वारा दाखिल की गई जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान वह उपस्थित नहीं हुआ लेकिन उसका बेटा और दो बेटियां मौजूद थे।

### सर्बिया की राजकीय यात्रा पर बेलग्रेड पहुंचे जिनपिंग

**बेलग्रेड** : चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सर्बिया के राजकीय दौरे पर हैं। श्री जिनपिंग सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड पहुंचे। देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश के बाद सर्बियाई वायु सेना ने श्री जिनपिंग के विमान की सुरक्षा के लिए दो लड़ाकू विमान भेजे। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और उनकी पत्नी तमारा वुसिक ने चीनी राष्ट्रपति का स्वागत किया। सर्बियाई बच्चों ने श्री जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को फूल भेंटकर चीन तथा सर्बिया के राष्ट्रीय झंडे लहराए। राष्ट्रीय वेशभूषा पहने सर्बियाई लोगों ने उनका स्वागत करने के लिए गाना गाया और नृत्य किया।

### तूफान से पांच लोगों की मौत

**साओ पाउलो** : दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले 24 घंटों में तूफान से पांच लोगों की मौत हुई है। जिसके बाद प्रांत में बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 90 हो गई है। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 132 लोग लापता हुए हैं और 361 घायल हुए हैं। पिछले आठ दिनों में 2,00,000 से अधिक निवासियों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 14 लाख से अधिक लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से अधिक आबादी को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है।

### जेलेंस्की की हत्या की रुसी साजिश की कोशिश नाकाम

**कीव** : यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने यह दावा किया। बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। बयान के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती हुई थी।

### पूर्व पीएम नवाज के मामले में 04 जून को सुनवाई

**कराची** : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) प्रमुख नवाज शरीफ ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बरी करने के लिए इस्लामाबाद की एक जवाबदेही अदालत में याचिका दायर की। खबर के अनुसार, शरीफ के वकील राणा मुहम्मद आरिफ खान ने मामले में याचिका दायर की। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की ओर से पेश हुए अभियोजक ने अदालत में कहा कि वह आवेदन को एनएबी मुख्यालय भेज देगा।

# वनाग्नि रोकने के लिए अब सचिवों को दी जिम्मेदारी

## लापरवाही पर 10 वनकर्मी निलम्बित

- मुख्यमंत्री धामी ने आग लगाने में संलिप्त तत्त्वों पर कठोर कार्रवाई करने के दिये निर्देश
- वनाग्नि, पेयजल, मॉनसून सीजन के साथ चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई और आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि रोकने में लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 10 कार्मिकों को निलंबित किया है। कुछ अन्य कार्मिकों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश दिए कि वनाग्नि को पूर्णतः रोकने के लिए सभी सचिवों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वे वनाग्नि को रोकने और जनजागरूकता के लिए फायर लाइन बनाने की कार्रवाई में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वनाग्नि पर प्रभावी रोकथाम के लिए जनसहयोग लिया जाए। जंगलों में आग लगाने की घटनाओं में जो भी लिप्त पाए जा रहे हैं, उन पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। वनाग्नि रोकने के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम किया जाए।

**चारधाम यात्रियों को मौसम अलर्ट की व्यवस्था**

**मुख्यमंत्री** ने निर्देश दिए कि राज्य में चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम की जानकारी से संबंधित अलर्ट एसएमएस के माध्यम से लोगों को मिले। चारधाम और मौसम से संबंधित अन्य सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सूचना तंत्र को मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी विभाग अपने स्तर पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीकि का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दृष्टिगत संवदनशील स्थलों और चारधाम यात्रा मार्गों पर जेसीबी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।



**मॉनसून से पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायें**

**आगामी** मॉनसून सीजन की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले नालियों की सफाई, ड्रेजिंग और चैनलाइजेशन की कार्रवाई पूर्ण की जाए। नदी किनारे सुरक्षा दीवारों के निर्माण और मरम्मत कार्य ससमय पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पुराने ब्रिजों का सेफ्टी ऑडिट किया जाए। वषार्काल के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों में वैली ब्रिज की पूर्ण व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी डैम की गहराई और क्षेत्रफल की वर्तमान स्थिति जानने के लिए संबंधित विभागों की एक कोआर्डिनेशन कमेटी बनाई जाए।

**प्रो-एक्टिव एप्रोच से काम करें अधिकारी**

**मुख्यमंत्री** ने निर्देश दिए कि मानसून सीजन शुरू होने से पहले डेंगू, मलेरिया और अन्य जल जनित रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता के साथ पूरी तैयारी की जाए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। आपदा के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग की रैपिड एक्शन टीम तैयार रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ कार्य करें। पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। स्वच्छ पेयजल के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्थाएं रखी जाए। जहां पेयजल की समस्या है वहां टैंकर और खच्चर से पानी आपूर्ति की जाए।

# जाति, धर्म और अब रंग के आधार पर भारत को बांटती है कांग्रेस : अनुराग

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है की कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश के बाद अब कांग्रेस भारतीयों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर बांटना चाह रही है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी धार्मिक आधार पर भेद-भाव, कभी उत्तर-दक्षिण में बंटवारा और अब भारत के निवासियों में रंगभेदङ्गआखिर कांग्रेस भारत को बांटने की राजनीति क्यों करती है? इन घिनौनी साज़िशों से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है?



अनुराग ठाकुर ने यह बातें बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे के बीच मीडिया कर्मियों से वातार्लाप के दौरान कहीं। अनुराग ठाकुर ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ ज़िला बिलासपुर में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर राहुल गांधी के गाइड सैम पित्रोदा कब तक भारतीयों का यूं ही अपमान करते रहेंगे। कभी आप भारतीयों की संपत्ति हड़प कर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों की तुलना चीनियों और अफ्रीकियों से करते हैं। यह कैसी मानसिकता है?

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है। मोदी जी ने अपने विकास की योजनाओं में कभी नहीं पूछा कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है, कौन सिख है और कौन ईसाई है। सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है। हमारी सरकार में तो सिर्फ वंचित वरीयता में थे। मगर कांग्रेसी धर्म के आधार पर मुसलमान को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देने पर तुले हैं।

### दुनिया भर से वैक्सीन कोविशील्ड मंगायी वापस

**नयी दिल्ली** : एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से अपनी कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को वापस मंगवाई है। साथ ही कोविशील्ड की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। एस्ट्राजेनेका ने साल 2020 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना वैक्सीन बनाई थी। इसके फॉमूर्ले का इस्तेमाल करते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ने भारत में कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। एस्ट्राजेनेका ने कुछ दिनों पहले ही कोविशील्ड के कुछ साइड इफैक्ट्स की बात स्वीकार की है। एस्ट्राजेनेका ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बाजार में जरूरत से ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध है।

**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोले**

## सरकार अल्पमत में नहीं कार्यकाल पूरा करेगी

एजेंसी

**चंडीगढ़** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस जनता की इच्छाओं को पूरा करने की बजाय अपनी इच्छाओं को पूरा करने वाली पार्टी है। तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन लेने के बावजूद कांग्रेस की इच्छा पूरी नहीं होगी।

बुधवार को सिरसा से पार्टी प्रत्याशी अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस की इच्छा सरकार बनाने की रहती है। पहले भी दो बार विधानसभा में



अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए और दोनों बार हार का सामना करना पड़ा। एक बार तो कांग्रेस के नेता वोटिंग से ही भाग गए। सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अल्पमत में नहीं है। सरकार बड़ी मजबूती के साथ काम कर रही है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

## अपने अंदर नयापन लाने की कोशिश करती हैं सोनाक्षी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : बालीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने कहा कि वह हमेशा अपने अंदर नयापन लाने की कोशिश करती हैं और उनका लक्ष्य ऐसी एक्टर बनना है जिसे फिल्म निमार्ता किसी भी तरह की भूमिका देने से परहेज न करें। सोनाक्षी ने बताया, एक एक्टर का काम हमेशा अलग-अलग चीजें करना और जो भी करते हैं उसमें अपने अंदर नयापन लाते रहना है। मुझे लगता है कि मैं भी यही कर रही हूं। मैं अपनी पहली सोलो फिल्म अकीरा के समय से ही ऐसा कर रही हूं और मैं हमेशा यही करने की कोशिश करती हूं।एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ऐसे रोल करना चाहती हैं जो एक-दूसरे से अलग हो ताकि वह एक एक्टर के तौर पर अपनी रेंज दिखा सकें। उन्होंने कहा, मैं ऐसी एक्टर बनना चाहती हूं जिसे फिल्म निमार्ता किसी भी तरह की भूमिका में कास्ट कर सकें। उस समय से, मेरी यही कोशिश रही है और मुझे लगता है कि मैं इस मामले में काफी अच्छा कर रही हूं। मैंने कई अलग-अलग तरह की भूमिकाएं की हैं। मैंने स्क्रीन पर कई दमदार महिला पात्रों को निभाया है, और मैं ऐसा करके काफी खुश हूं। सोनाक्षी ने 2010 में सलमान खान के साथ दबंग से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने राउडी राठौड़, सन ऑफ सरदार, वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई दोबारा, आर... राजकुमार, बॉस, हॉलीडे : अ सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी, मिशन मंगल और कलंक जैसी कई फिल्में की हैं।

### थैलेसीमिया से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को कहा कि थैलेसीमिया से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी है। सही समय पर इसकी रोकथाम करके ही इस बीमारी के बोझ को कम किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इस बीमारी से निपटने के लिए समय पर पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है। देश में थैलेसीमिया के लगभग 1 लाख मरीज हैं, हर साल लगभग 10 हजार नए मामले सामने आते हैं। अपूर्व चंद्रा ने कहा कि अभी भी बहुत से लोग इस बीमारी से अनजान हैं कि इसे कैसे रोका जा सकता है।

## एक ज्ञानावतार का हृदय

**(श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि जी का 169वां आविर्भाव दिवस)**

संध्या एस. नायर



'**मैं** तुम्हें अपना अशर्त प्रेम प्रदान करता हूं', अपने निर्मल प्रेम के इस शाश्वत वचन के साथ, 'ज्ञान के अवतार' अर्थात ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने अपने आश्रम में युवा मुकुन्द का स्वागत किया। यही मुकुन्द कालान्तर में परमहंस योगानन्द के नाम से, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया के संस्थापक, पश्चिम में योग के जनक, तथा अत्यन्त लोकप्रिय आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ 'योगी कथामृत' के लेखक के रूप में प्रसिद्ध हुए। यद्यपि, घटनाओं के दैवीय नाटक से ऐसा प्रतीत नहीं होता था, परन्तु समबुद्धि गुरुदेव को उनकी इस यात्रा का पहले से ही ज्ञान था और वह अनेक वर्षों से उत्सुकतापूर्वक उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।

जनवरी 1894 में प्रयागराज के पवित्र कुम्भ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी की भेंट हिमालय के अमर गुरु महावतार बाबाजी से हुई थी। यह जानते हुए कि योगानन्दजी पुनः अवतरित हो चुके हैं (मुकुन्द का जन्म 5 जनवरी 1893 को गोरखपुर में हुआ था), बाबाजी ने 'पश्चिम में योग के प्रसार' के लिए प्रशिक्षण हेतु श्रीयुक्तेश्वरजी के पास एक युवा शिष्य भेजने का वचन दिया था। बाबाजी ने उनसे सनातन धर्म और ईसाई धर्म के धर्मग्रन्थों में निहित एकता पर एक संक्षिप्त पुस्तक लिखने के लिए भी कहा था। उन्होंने इन शब्दों के साथ उनकी सराहना की, 'मैंने जान लिया था तुम्हें पूर्व और पश्चिम में समान रूप से रुचि है। समस्त मानवजाति के लिए व्याकुल होनेवाले तुम्हारे अन्तःकरण की व्यथा को मैंने पहचान लिया था।' उनसे समानार्थी उद्धरणों द्वारा यह दिखाने के लिए कहा गया था कि 'ईश्वर के सभी प्रेरित, ज्ञानी पुत्रों ने एक ही सत्य का उपदेश दिया है।'

श्रीयुक्तेश्वरजी ने अपनी स्वभावगत विनम्रता के साथ इस दैवी आदेश को स्वीकार किया और अन्तर्ज्ञानात्मक बोध एवं गहन अध्ययन के साथ उन्होंने अल्पसमय में ही 'कैवल्य दर्शनम्' पुस्तक की रचना पूर्ण कर ली। महान प्रभु यीशु के शब्दों को उद्धृत करते हुए, 'उन्होंने दिखाया कि उनके उपदेशों में और वेदवाक्यों में वस्तुतः कोई अन्तर नहीं था।' इसके अतिरिक्त, पुस्तक के विभिन्न सूत्रों में श्रीयुक्तेश्वरजी मनुष्य के चित्त की पांच अवस्थाओं की व्याख्या करते हैं, अर्थात अन्धकारयुक्त (मूढ़), गतियुक्त (विक्षिप्त), स्थिर (क्षिप्त), भक्तियुक्त (एकाग्र) तथा शुद्ध (निरुद्ध)। वे स्पष्ट करते हैं कि, 'चित्त की इन विभिन्न अवस्थाओं के आधार पर मनुष्य का वर्गीकरण किया जाता है, तथा उसकी उन्नति की अवस्था निर्धारित की जाती है।' उनका जन्म 10 मई, 1855 को बंगाल के श्रीरामपुर में हुआ था और उनका पारिवारिक नाम प्रियनाथ कड़ार था। वह महान योगी श्री लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे। आगे चल कर वह स्वामी सम्प्रदाय में सम्मिलित हो गये और उन्हें स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि का नया नाम मिला।

बाबाजी को दिया हुआ अपना वचन निभाते हुए श्रीयुक्तेश्वरजी ने युवा योगानन्दजी को अपने आश्रम में एक दशक तक प्रशिक्षण प्रदान किया। योगानन्दजी ने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृतह्न के एक प्रकरण, 'अपने गुरु के आश्रम की कालावधि' में श्रीयुक्तेश्वरजी–बंगाल के सिंह–के साथ व्यतीत किये अपने जीवन का एक भावपूर्ण एवं प्रेमपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया है। वह लिखते हैं कि उन्होंने अपने गुरुदेव को कभी भी माया के किसी आकर्षण से ग्रस्त, या लोभ, क्रोध अथवा किसी के प्रति मानवीय अनुरक्ति की भावना में उत्तेजित नहीं देखा। उनकी आभा 'सुखद शान्ति' की थी। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों को सावधान करने के लिए इन शब्दों के साथ क्रियायोग (ईश्वर प्राप्ति के लिए ध्यान की प्राचीन वैज्ञानिक प्रविधि) के अभ्यास की आवश्यकता का स्मरण कराया, 'माया का अन्धकार धीरे-धीरे चुपचाप हमारी ओर बढ़ रहा है। आओ, अपने अन्र्तमन में अपने घर की ओर भाग चलें।'

जो शिष्य उनका परामर्श चाहते थे, श्रीयुक्तेश्वरजी उनके प्रति एक गम्भीर उत्तरदायित्व का अनुभव करते थे। वे उन्हें अपने प्रशिक्षण में कठोरता की अग्नि में तपा कर शुद्ध करने का प्रयास करते थे; इस अग्नि की तप्तता साधारण सहनशक्ति से परे होती थी। जब योगानन्दजी ने अपने गुरु के कार्य की अवैयक्तिक प्रकृति को समझा, तो उन्होंने उनकी विश्वसनीयता, विचारशीलता और मौन प्रेम का अनुभव किया।

योगानन्दजी अपने प्रिय गुरुदेव के बारे में लिखते हैं, 'उनके विलक्षण स्वभाव को पूरी तरह पहचानना कठिन था। उनका स्वभाव गम्भीर, स्थिर और बाह्य जगत के लिए दुर्बोध्य था, जिसके सारे मूल्यों को कब के पीछे छोड़ कर वह आगे बढ़ गये थे।'

**बेटी को फंदे पर लटका देख मायकेवालों ने आपा खोया**

## ससुराल में लगा दी आग, जिन्दा जले सास-ससुर

एजेंसी

**प्रयागराज** : 27 वर्षीय विवाहिता अंशिका केसरवानी को फंदे पर लटकता देख तिलमिलाये मायकेवालों ने ससुराल में आग लगा दी। इस घटना में जहां विवाहिता के सास-ससुर जिन्दा जल गये, वहीं तीन लोग झुलस गये। घटना प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र की है। मृतकों में ससुर 65 वर्षीय राजेन्द्र केसरवानी और 62 वर्षीय सास शोभा देवी शामिल हैं। वहीं, झुलसे लोगों में मृतक राजेन्द्र केसरवानी के छोटे भाई की पत्नी लवली केसरवानी और राजेंद्र केसरवानी की बेटी शिवानी



केसरवानी शामिल हैं, जिनका इलाज एसआरएन में चल रहा है। वहीं, अंशिका के पति अंशु केसरवानी मामूली रूप से जख्मी हैं। आइए जानते हैं घटना का विवरण...

**फरवरी में हुई थी शादी**

**इसी** वर्ष फरवरी महीने में झलवा की रहनेवाली अंशिका केसरवानी की शादी मुट्ठीगंज के अंशु से हुई थी। लड़की पक्ष का आरोप है कि सगाई के बाद से ही दहेज की अतिरिक्त मांग और की जाने लगी, जिसे पूरा भी किया गया। इस बीच सोमवार रात लगभग 10:30 बजे के बाद लड़की पक्ष को ससुराल वालों ने फोन पर सूचना दी कि उनकी लड़की ने अपने कमरे का दरवाजा दोपहर तीन बजे से ही अंदर से बंद कर रखा है। मौके पर लड़की पक्ष से जुड़े लोग पहुंचे और दरवाजा खोला, तो अंदर अंशिका केसरवानी का शव पंखे से लटकता मिला। इसके बाद कोहराम मच गया।

**हत्या कर फंदे पर लटकाया शव**

**शव** देख कर परिजन हत्या का आरोप लगा कर हंगामा करने लगे। आरोप लगाया कि अंशिका की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर टांग दिया गया है। मौके पर आसपास के रहनेवाले लोगों की भीड़ जमा हो गयी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने बाहरी लोगों को भी मौके पर बुला लिया, जिससे बात और आगे बढ़ गयी। इसी बीच मायके वालों ने मकान के निचले हिस्से को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ससुराल पक्ष के लोग अंदर फंस गये। इस घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि तीन लोग झुलस गये हैं।

# फिर विवादों से घिरी सिलक्यारा टनल, अब अपनी मांगों को लेकर श्रमिक अनशन पर

- बीते साल टनल में फंसे श्रमिकों का रेस्क्यू अभियान, होटलों का भुगतान करना भूल गयी कंपनी

एजेंसी

**उत्तरकाशी/सिलक्यारा** : उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली बहुचर्चित निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल एक बार फिर से विवादों के घेरे में है। अब श्रमिकों और ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर टनल के मुहाने पर अनशन शुरू कर दिया है जबकि कुछ श्रमिकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में बोनस फंडिंग को लेकर हंगामा काटा है।

उधर बौखनाग मंदिर को लेकर ग्यूनोटी और वाण गांव के लोग पिछले लंबे समय से आक्रोशित हैं क्योंकि जब टनल में 41 मजदूर जिंदगी की जंग लड़ रहे थे तो बौख नागराजा ने अपनी कृपा दिखाकर उन मजदूरों को 17 दिन बाद बाहर का रास्ता दिखाया था। तब प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों और मुख्यमंत्री धामी ने यहां पर बाबा बौखनाथ का मंदिर बनाने की बात कही थी, लेकिन अब इस मंदिर निर्माण की बात भी नहीं की जा रही है, जिससे वहां के वाशिंदों में बहुत नाराजगी है। कुल मिलाकर सिलक्यारा टनल विवादों से घिरी हुई है और अब होटल व्यवसाय से जुड़े लोग भी कंपनी के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि जब सिलक्यारा टनल में आपरेशन जिंदगी की जंग चल रही थी तो उस दौरान स्थानीय होटल व्यवसायियों ने शासन प्रशासन और मीडिया की



मदद की थी और उसके लिए रहने व खाने की व्यवस्था की थी मगर आठ महीने बीत जाने के बाद भी उनका करोड़ों का बिल बकाया भुगतान उन्हें नहीं चुकाया गया है। जिलाधिकारी उत्तरकाशी को दिये गये अल्टीमेटम में श्रमिक उपेन्द्र लाल, मनोज, संजय, प्रकाश, अनिल, रामकृष्ण ने हवाला देते हुए बताया कि वे टनल की कार्यदाई संस्था नवयुगा कंपनी में श्रमिक के तौर पर 2019 से कार्यरत थे और अब उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जिससे वे बेरोजगार हो गये हैं। इसके लिए वे भूख-हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो गए हैं। आज से इन सभी मजदूरो ने सुंरग के मुहाने पर अनशन आन्दोलन शुरू कर दिया है। इसकी सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और शांति बनाए रखने के प्रयास में जुट गये।

उधर कंपनी के कुछ और श्रमिक भी बोनस फंडिंग को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय के बाहर हंगामा किया। मजदूरों का आरोप है कंपनी ने कुछ मजदूरों को बोनस दिया और कुछ को बोनस का लाभ नहीं दिया, जो कि गलत है। उनकी मांग थी कि सबको एक समान लाभ मिले और जब तक सबको इसका लाभ नहीं मिलता, तब तक कंपनी में काम नहीं होगा। हालांकि प्रोजेक्ट मैनेजर ने उनकी बात को जायज बताते हुए उन्हें भी समान लाभ दिये जाने आश्वासन दिया। इसके अलावा बौखनाग मंदिर निर्माण और होटल व्यवसायियों का पेंडिंग बिल भी कंपनी के लिए गले की फांस बन सकती है। हालांकि कंपनी के अधिकारी ने मीडिया से बात करने से बचते रहे।

इस बाबत डुंडा, उत्तरकाशी के उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक ने बताया कि श्रमिकों और ग्रामीणों द्वारा टनल में शांतिप्रिय ढंग से धरना प्रर्दशन किया गया।